रीवा

30 जून 2025 सोमवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



गौतम गंभीर पर ...

@ पेज 7

# पुरी भगदड़ मामले में बड़ा एक्शन, डीएम और एसपी का ट्रांसफर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओडिशा के पुरी में रथयात्रा के दौरान भगदड़ के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक पुरी के जिला कलेक्टर और एसपी का तबादला कर

### ● सरकार ने जांच के दिए आदेश

दिया गया है। इसके अलावा डीसीपी विष्णु पति और कमांडेंट अजय पाधी को ड्यूटी में लापरवाही के लिए निलंबित किया गया है। वहीं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने प्रत्येक मृतक श्रद्धालु के परिजनों को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने विकास आयुक्त की देखरेख में विस्तृत प्रशासनिक जांच के आदेश दिए हैं और जिला कलेक्टर और स्क्र के तबादले के निर्देश दिए हैं। चंचल राणा को नया जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है, जबकि पिनाक मिश्रा ने नए एसपी का कार्यभार संभाला है।

वहीं पुरी रथयात्रा भगदड़ मामले पर ओडिशा के डीजीपी वाईबी खुरानिया ने कहा, ÷जैसा कि आप देख सकते हैं, बड़ी संख्या में श्रद्धालु इकट्ठा हुए हैं और बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। यह पिछले वर्षों की तुलना में अधिक है। सुबह हुई घटना की जांच की जा रही है। सभी तथ्य सामने आएंगे कि ऐसा क्यों हुआ।÷ इससे पहले डीएम सिद्धार्थ स्वैन ने कहा, ÷आज सुबह 4.20 से 5.40 बजे तक 15 श्रद्धालुओं को जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनमें से 12 को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। तीनों मृतकों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। उसके बाद मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा।÷

वहीं इस हादसे को लेकर सीएम मोहन चरण माझी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर ओड़िया भाषा में माफी मांगी है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'मैं और मेरी सरकार सभी जगन्नाथ भक्तों से क्षमा मांगते हैं। हम भगदड़ में अपनी जान गंवाई वाले श्रद्धालुओं के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।% इसके साथ ही सीएम माझी ने कहा कि वह महाप्रभु जगन्नाथ से प्रार्थना करते हैं कि वे उन्हें इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा चूक की जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**हादसे में तीन लोगों की हुई मौत:** बता दें कि रविवार की सुबह ओडिशा के पुरी में भगदड़ का मामला सामने आया। अधिकारियों के मुताबिक श्री गुंडिचा मंदिर के पास हुई भगदड़ की घटना रविवार तड़के करीब चार बजे की है। जब सैकड़ों श्रद्धालु रथ यात्रा उत्सव देखने के लिए मंदिर के पास इकट्ठा हुए थे। इस भगदड़ में 3 लोगों की मौत हुई है।इसके अलावा करीब 50 अन्य लोग घायल भी बताए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत नहीं, पाकिस्तान के लिए धड़कता है जोहरान ममदानी का दिल

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के न्यूयॉर्क सिटी के मेयर बनने की रेस में आगे चल रहे भारतीय मूल के जोहरान ममदानी का दिल भारत के लिए नहीं, बल्कि पाकिस्तान के लिए धड़कता है। वह अक्सर मुस्लिमों की वकालत करते दिखते हैं। वह गाजा के मुसलमानों की वकालत करते हैं और गुजरात दंगे पर भी सवाल उठाते हैं। इससे जोहरान ममदानी की मानसिकता को समझा जा सकता है। भारत के बजाय वह पाकिस्तान के कार्यक्रमों में अक्सर देखे जाते हैं और कट्टर मुस्लिमवाद की बात करते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी ममदानी की विचारधारा के खिलाफ हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जोहरान ममदानी की कट्टरवाद




की विचारधारा से बहुत भड़के हुए हैं। ट्रंप नहीं चाहते कि ममदानी को न्यूयॉर्क का मेयर चुना जाए। ट्रंप ने जोहरान ममदानी पर कहा, ÷वो एक कम्युनिस्ट है! अगर वह मेयर चुना जाता है तो यह न्यूयॉर्क के लिए बहुत बुरा है। यह देश के लिए भी एक भयानक बात है, लेकिन बाकी देश इसके खिलाफ विद्रोह कर रहा है।÷ सोमवार को न्यूयॉर्क मेयर प्राइमरी में जीत दर्ज करने के बाद ट्रंप ने को ट्विटर पर आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, ÷वह एक कम्युनिस्ट है! यह न्यूयॉर्क के लिए बेहद खराब है। यह देश के लिए भी भयंकर है, लेकिन बाकी देश इसके खिलाफ विद्रोह कर रहा है। ट्रंप ने कहा ममदानी ÷100त्न कम्यूनिस्ट पागल÷ है। उन्होंने चेताते हुए कहा कि अगर वह न्यूयॉर्क की सत्ता में आ गया तो यह बिग एप्पल ÷कम्युनिस्ट नगर÷ बन जाएगा।

### बांग्लादेश में घर में घुसकर हिंदू लड़की से गैंगरेप

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में घर में घुसकर एक हिंदू लड़की के साथ गैंगरेप किए जाने की बेहद खौफनाक घटना सामने आई है। इसके बाद हिंदू संगठनों में व्यापक आक्रोश हो गया है। हिंदू संगठनों और छात्रों ने ढाका में कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन कर दोषियों को फांसी देने की मांग की है। बताया जा रहा है कि इस मामले में पुलिस ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक नेता समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना बांग्लादेश के




कोमिला इलाके में हुई, जहां एक हिंदू लड़की के साथ घर में घुसकर सामूहिक बलात्कार की वारदात को अंजाम दिया गया। मुख्य आरोपी फजूर अली समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना के विरोध में ढाका यूनिवर्सिटी के हिंदू छात्रों ने बड़ा प्रदर्शन किया और न्याय की मांग की। हिंदू लड़की का गैंगरेप करने वाले सभी आरोपी मुस्लिम थे। आरोपियों ने बलात्कार का वीडियो भी बनाया और उसे सोशल मीडिया पर जारी कर दिया। यह घटना कुमिल्ला जिले के मुरादनगर थान स्थित रामचंद्रपुर पंचकिट्टा गांव की है। बताया जा रहा है कि इस वारदात को गत 26 जून को अंजाम दिया गया। मुस्लिम युवक उस वक्त हिंदू युवती के घर में घुसने का मौका पा गए, जब सभी हिंदू 26 जून की रात में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाल रहे थे। घटना का मुख्य आरोपी फजर अली (38) है, जो बीएनपी का स्थानीय नेता भी है। वह सबसे पहले पीड़िता के घर पहुंचा और दरवाजा खटखटाया। महिला ने जब दरवाज़ा खोलने से इनकार किया तो धक्के मारकर घर में घुस गया और उस महिला के साथ बलात्कार किया। उसके साथ 4 अन्य साथियों ने भी सामूहिक दुष्कर्म किया।

## शादी से पहले जबरन धर्म परिवर्तन कराया, बहू ने की शिकायत



**जबलपुर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के जबलपुर के प्रतिष्ठित जॉय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मालिक अखिलेश मेबन, उनकी पत्नी नीनू मेबन और बेटे कैप्टन तनय मेबन को धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी अखिलेश मेबन की बहू, कैप्टन आकांक्षा अरोड़ा की शिकायत के आधार पर की गई है। आकांक्षा अरोड़ा ने मेबन परिवार पर आरोप लगाया है कि साल 2017 में चर्च में धर्म परिवर्तन कराने के बाद उसकी कैप्टन तनय मेबन के साथ शादी हुई। शादी के बाद मेबन परिवार ने आकांक्षा को धर्म को लेकर प्रताड़ित किया और आखिरकार उन्हें घर से निकाल दिया। आकांक्षा ने परिवार से मिली प्रताड़ना के बाद पुलिस में प्राथमिकी (स्नढ्ढक्र) दर्ज कराई। महिला थाना पुलिस ने मेबन परिवार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह पहली बार नहीं है जब अखिलेश मेबन विवादों में आए हैं। अप्रैल माह में जबलपुर पुलिस ने उन्हें कोच्चि एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था, जब उन पर हिंदू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक स्टेटस लगाने का आरोप लगा था।

### आसमान में छाए काले बादल

## दिल्ली-एनसीआर में छाया मानसून, शुरू हुई झमाझम बारिश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली और एनसीआर में रविवार को बारिश शुरू हो गई है। बता दें कि दिल्ली में भी मानसून ने दस्तक दे दी है, जिसके बाद से झमाझम बारिश हो रही है। वहीं आसमान में काले बादल छाए हुए हैं। दिल्ली के कई इलाकों में रविवार को बारिश हुई। दरअसल, दिल्ली में मानसून ने अपनी सामान्य तिथि 27 जून के दो दिन बाद दस्तक दी। इसके अलावा देश के शेष हिस्सों में यह सामान्य तिथि 8 जुलाई से 9 दिन पहले ही पहुंच गया है। आईएमडी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, 2020 के बाद यह पहला मौका है जब मानसून पूरे देश में इतनी जल्दी पहुंचा है। आईएमडी ने बताया, ''मॉनसून रविवार, 29 जून 2025 को राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा के शेष हिस्सों और पूरी दिल्ली में पहुंच गया।'' आईएमडी के अनुसार दिल्ली में मानसून ने पिछले साल 28 जून को, 2023 में 25 जून, 2022 में 30 जून, 2021 में 13 जुलाई और 2020 में 25 जून को दस्तक दी थी। मौसम विभाग ने कहा कि अगले सात दिनों तक देश के उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्वी और पूर्वोत्तर हिस्सों में अत्याधिक बारिश होने का पूर्वानुमान है। आमतौर पर मॉनसून एक जून को केरल में दस्तक देता है और आठ जुलाई तक पूरे देश में पहुंच जाता है। इसकी वापसी 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से शुरू होती है और 15 अक्टूबर तक लौट जाता है। इससे पहले आईएमडी ने हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान व्यक्त करते हुए दिल्ली के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली के पूर्वी, पश्चिमी, दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी इलाकों में बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने अपने नवीनतम पूर्वानुमान में कहा कि अगले कुछ घंटे में दिल्ली में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश और 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.8 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग ने कहा कि अधिकतम तापमान के 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

## अमेरिकी नागरिक से लूटपाट करने वाले बदमाशों की हुई मुठभेड़,

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की तर्ज पर दिल्ली पुलिस ने भी %ऑपरेशन लंगड़ा% अभियान चलाया है। इसके तहत पुलिस ने एक अमेरिकी नागरिक से लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। यह घटना 25-26 जून की रात को अमर कॉलोनी के आस्था कुंज डीडीए पार्क में हुई थी, जहां अक्षय और जतिन नाम के बदमाशों ने एक अमेरिकी लॉ स्टूडेंट को घायल कर उससे लूटपाट की थी। उस समय पीड़ित अपनी महिला मित्र के साथ वापस होटल जा रहा था। अमेरिकी नागरिक के साथ हुई इस वारदात ने दिल्ली पुलिस को खुली चुनौती दी, जिसके बाद बदमाशों की पहचान की गई और उन्हें पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया। रविवार सुबह 5 बजे, एक गुप्त सूचना के आधार पर दिल्ली पुलिस ने उसी आस्था कुंज पार्क में जाल बिछाया। अतिरिक्त डीसीपी (साउथ ईस्ट) ऐश्वर्य सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों बदमाशों को पार्क में देखा और उन्हें सरेंडर करने को कहा।



## भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में हुई भगदड़ के लिए सीएम ने मांगी माफी

### भगदड़ की घटना रविवार तड़के करीब चार बजे की है, तीन की मौत



**मुंबई (एजेंसी)।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को पुरी में एक मंदिर के पास हुई भगदड़ के लिए माफी मांगी है। सीएम माझी ने ये माफी भगवान जगन्नाथ के भक्तों से मांगी है। पुरी में हुई भगदड़ में तीन लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने कहा कि रविवार तड़के श्री गुंडिचा मंदिर के पास हुई भगदड़ में तीन लोगों की जान गई है। करीब 50 अन्य लोग घायल भी हुए हैं।

इस हादसे पर सीएम माझी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर ओड़िया भाषा में लिकी पोस्ट कर कहा, 'मैं और मेरी सरकार सभी जगन्नाथ भक्तों से क्षमा मांगते हैं। हम भगदड़ में अपनी जान गंवाई वाले श्रद्धालुओं के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।%

इसके साथ ही सीएम माझी ने कहा कि वह महाप्रभु जगन्नाथ से प्रार्थना करते हैं कि वे उन्हें इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा चूक की जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। माझी ने कहा, %यह लापरवाही अक्षम्य है। सुरक्षा चूक की तत्काल जांच की जाएगी और मैंने निर्देश दिया है कि घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।%

अधिकारियों ने कहा कि श्री गुंडिचा मंदिर के पास हुई भगदड़ की घटना रविवार तड़के करीब चार बजे की है। जब सैकड़ों श्रद्धालु रथ यात्रा उत्सव देखने के लिए मंदिर के पास इकट्ठा हुए थे। उन्होंने कहा कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और छह लोगों की हालत गंभीर है।

## मन की बात का 123वां एपिसोड

### खाने में 10 फीसदी तेल कम करने की बात दोहराइ




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 123वां एपिसोड रविवार (29 जून) को प्रसारित हुआ। 22 भाषाओं में प्रस्तुत होने वाले इस कार्यक्रम की शुरुआत पीएम मोदी ने योग दिवस पर चर्चा से की। इसके बाद आपातकाल का समय याद कर इसकी आलोचना की और कहा कि इमरजेंसी के समय लड़ने वाले लोगों को याद रखा जाना चाहिए। इस बीच सेहत पर बात करते हुए उन्होंने खाने में 10 फीसदी तक तेल कम करने की बात दोहराई और लोगों से स्वदेशी सामान खरीदने की अपील भी की।

पीएम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस लगातार भव्य होता जा रहा है। पीएम ने तेलंगाना में दिव्यांगजनों के योग से लेकर कश्मीर में जवानों के योग तक का जिक्र किया। पीएम ने तीर्थ यात्रियों की मदद करने वाले लोगों के बारे में बात करते हुए कैलाश पर्वत का जिक्र किया और कहा कि अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू हो रही है। पीएम ने तीर्थ यात्राओं पर जाने वाले सभी लोगों को और उनकी मदद करने वाले लोगों को शुभकामनाएं दीं।

इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत की उपलब्धियों की तारीफ की है। आंखों की बीमारी ट्रैकोमा देश में एक समय पर आम थी। इलाज नहीं मिलने पर इससे लोग अंधे भी हो जाते थे, लेकिन भारत सरकार ने इसे खत्म करने का संकल्प लिया। अब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्रैकोमा फ्री घोषित कर दिया है। विश्व स्वाथ्य संगठन ने भी इस बात की तारीफ की है कि भारत ने बीमारी को दूर करने के साथ ही उसके कारणों को भी खत्म किया है।

इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत में 64 फीसदी लोगों को किसी न किसी सामाजिक योजना का लाभ मिल रहा है। 2014 तक यह आंकड़ा बेहद कम था, लेकिन अब इसमें सुधार हुआ है। यह भारत के लिए गर्व की बात है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में अमरनाथ यात्रा और जगन्नाथ रथ यात्रा का भी जिक्र किया।

## चारधाम यात्रा 24 घंटे के लिए रोकी गई

### उत्तराखंड में भारी बारिश की चेतावनी



**उत्तराखंड (एजेंसी)।** उत्तराखंड में अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी जारी होने के बाद चारधाम यात्रा 24 घंटे के लिए रोक दी गई है। उत्तराखंड के कई जिलों में 29 जून से 1 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने खासतौर पर 29 जून और एक जुलाई के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। यहां पहले ही बारिश के चलते काफी भूस्खलन हुआ है। इसके कारण कई लोगों की जान भी चली गई। कुछ लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। ऐसे में भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए एहतियातन चारधाम यात्रा को अगले 24 घंटे के लिए रोक दिया गया है।मौसम विभाग की चेतावनी एक जुलाई तक भारी बारिश की है। ज्यादा बारिश होने पर भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है। भूस्खलन या बाढ़ आने पर रास्ते बंद हो जाते हैं और श्रद्धालु पहाड़ों में फंस जाते हैं। आने वाले दिनों में ज्यादा बारिश और भूस्खलन होने पर यात्रा दोबारा रोकी जा सकती है।

गढ़वाल डिवीजन के कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने बताया, ÷भारी बारिश की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए चार धाम यात्रा अगले 24 घंटों के लिए स्थगित कर दी गई है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को हरिद्वार, ऋषिकेश, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, सोनप्रयाग और विकासनगर में तीर्थयात्रियों को रोकने के निर्देश दिए गए हैं।÷ मौसम सामान्य होने पर यात्रा दोबारा शुरू होने के आसार हैं। हालांकि, आने वाले तीन दिनों के लिए यहां मौसम खराब रह सकता है।

लगातार बारिश के बीच उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़कोट क्षेत्र में पालीगाड़ और ओजरी डाबरकोट के बीच सिलाई बैंड के पास बादल फटने से आठ से नौ मजदूर लापता हो गए। अधिकारियों ने यहां बताया कि शनिवार मध्यरात्रि 12 बजे के बाद हुई घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन, राज्य आपदा प्रतिवादन बल सहित अन्य एजेंसियों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है। बड़कोट के थाना प्रभारी दीपक कठेत ने बताया कि सड़क निर्माण में लगे कुछ मजदूर तंबू लगाकर वहीं रह रहे थे और बादल फटने के दौरान तेज सैलाब आने पर वे बह गए हैं। उन्होंने बताया कि आठ से नौ लोगों के लापता होने की खबर है, जिनकी खोजबीन के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है।

## भोपाल में दोस्त का बर्थडे मना रहे युवक को बदमाशों ने मारी गोली



**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि युवक अपने दोस्त के घर बर्थडे मनाने के लिए गया था, जहां उसके अलावा अन्य दोस्त भी मौजूद थे। रात में केक काटने के बाद सभी ने पार्टी भी की। पार्टी के बाद सभी दोस्त सड़क पर खड़े थे और आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी बीच दो बाइक पर सवार होकर छह बदमाश आए और अमित पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस फायरिंग में अमित को दो गोली लगी है, जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि पूरा मामला भोपाल के छोला मंदिर थाना क्षेत्र का है। यहां लीलाधर कॉलोनी में शनिवार देर रात को अमित वर्मा नाम के 22 साल के लड़के को गोली मार दी गई। इसमें नसीम बन्ने खां और उसके साथियों पर गोली मारने का आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है अमित अपने दोस्त का बर्थडे सेलिब्रेट कर रहा था। इसी दौरान दो बाइक से आए 6 बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग की वजह से अमित वर्मा के पेट और सिर में दो गोलियां लगी हैं, जिसके उसकी मौत हो गई।

## ऐशबाग आरओबी मामले में आठ इंजीनियर्स पर हुई सख्त कार्यवाही

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऐशबाग आरओबी के निर्माण में हुई गंभीर लापरवाही के मामले में संज्ञान लेकर जांच के आदेश दिए थे। जांच रिपोर्ट के आधार पर लोक निर्माण विभाग के आठ इंजीनियर्स के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनमें दो मुख्य अभियंता (चीफ इंजीनियर) श्री जी.पी. वर्मा और श्री संजय खांडे, दो कार्यपालन यंत्री श्री जावेद शकील और श्रीमती शबाना रज्जाक (डिजाइन), एक सहायक यंत्री श्री शानुल सक्सेना (डिजाइन),अनुभागीय अधिकारी श्री रवि शुक्ला तथा उपयंत्री श्री उमाशंकर मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, एक सेवानिवृत्त अधीक्षण यंत्री श्री एम.पी. सिंह के विरुद्ध विभागीय जांच प्रारंभ की जाएगी। इसी के साथ आरओबी का त्रुटिपूर्ण डिज़ाइन प्रस्तुत करने पर निर्माण एजेंसी एवं डिज़ाइन कंसल्टेंट — दोनों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है।

## सार्थक ऐप पर फर्जी उपस्थिति दर्ज करने वाले 6 अतिथि विद्वानों का आमंत्रण निरस्त

**भोपाल ( एजेंसी )।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार के निर्देश पर उच्च शिक्षा विभाग ने विदिशा जिले के गंजबासौदा स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में आमंत्रित 6 अतिथि विद्वानों को, सार्थक ऐप पर छेड़खानी कर फर्जी उपस्थिति दर्ज करने के कारण तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त कर दिया है। ये अतिथि विद्वान संस्था में न होकर, अन्यत्र स्थान से अमर्यादित रूप से सार्थक ऐप पर उपस्थिति लगाते हुए पाए गए। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने अतिथि विद्वानों द्वारा शैक्षणिक परिवेश को दूषित करने को गंभीरतापूर्वक लेकर, विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुपालन में, उच्च शिक्षा विभाग ने इन अतिथि विद्वानों के आमंत्रण को तत्काल निरस्त करने के निर्देश जारी किए है। फर्जी उपस्थिति दर्ज करने वाले इन अतिथि विद्वानों में श्री प्रकाश चंद मौर्य, श्री हेमंत कुमार अहिरवार, श्री हेमंत कुमार सक्सेना, श्री सूर्यकांत शर्मा, डॉ. सरताज मंजू पर्रे एवं श्री संजय कुमार राय हैं।

## चिकित्सा महाविद्यालयों से जुड़े 876 बंधपत्रधारी स्नातकोत्तर चिकित्सकों की पदस्थापना के आदेश जारी

**भोपाल ( एजेंसी )।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश में नियमित चिकित्सक भर्ती प्रक्रिया, चिकित्सा महाविद्यालयों की क्षमता वृद्धि तथा स्वास्थ्य संस्थानों के अधोसंरचना विकास के कार्य भी निरंतर प्रगति पर हैं। इसी क्रम में 876 बंधपत्रधारी विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना की गई है, जिससे चिकित्सकीय संसाधनों को मजबूती मिलेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पदस्थ सभी चिकित्सकों से अपेक्षा व्यक्त की है कि वे कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता एवं पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, जिससे जनसाधारण को श्रेष्ठ और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के शासकीय एवं निजी चिकित्सा महाविद्यालयों से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुके 876 बंधपत्रधारी चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। यह पदस्थापनाएँ चिकित्सकों द्वारा स्नातकोत्तर प्रवेश के समय प्रस्तुत अनिवार्य सेवा बंधपत्र के अनुक्रम में की गई हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी जी की बातों से विद्यार्थियों को मिलता उत्साह और प्रेरणा: राज्यपाल

**भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री की मन की बात ज्ञान की बातों का कार्यक्रम है। इसमें ज्ञान और संस्कार की बातें होती है। देश के कोने-कोने में हो रहे प्रेरक कार्यों और प्रसंगों की जानकारी होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की बातों से विद्यार्थियों को नया उत्साह और प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी आदतें बड़े बदलाव का कारण बनती है। कार्यक्रम ज्ञान की बातों का खजाना है। इसलिए जरूरी है कि प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम सुनना आदत बनाई जाए। प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के सभी छात्र-छात्राओं और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 9 से लेकर 12 वीं तक के सभी विद्यार्थी प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम में शामिल हो। कोई छात्र-छात्रा कार्यक्रम से वंचित नहीं हो। राज्यपाल श्री पटेल ने यह बात भोपाल में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ चर्चा में कहीं। राज्यपाल एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोपाल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को बच्चों के साथ



सुनने के लिए पहुँचे थे। इस अवसर पर राज्यपाल श्री पटेल ने विद्यालय के बालिका छात्रावास का निरीक्षण भी किया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बातें गागर में सागर के समान होती है। उसमें अच्छे जीवन के मंत्र होते हैं। उत्कृष्ट कार्यों का बखूबी जिक्र होता है। नवाचार और सफलता के किस्से होते हैं। विभिन्न विषयों की वृहद जानकारियां अल्प अवधि में उपलब्ध हो जाती है, जो हमें जीवन की सही दिशा दिखाती है। अनेक चुनौतियों और समस्याओं के समाधान भी हमें कार्यक्रम में मिल जाते हैं। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में ग्रामीण आजीविका, विकास और जन कल्याणकारी कार्यों का विवरण मिलता है। अत्यंत प्रेरणादायी और मार्गदर्शी विकास की नई पहल और सफलता की कहानियों का पता चलता है। उन्होंने प्रदेश की समस्त पेसा ग्राम सभाओं के पदाधिकारियों से अपील की है कि प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम प्रसारण दिवस पर ग्राम सभाओं का आयोजन करने का प्रयास करें। कार्यक्रम में सहभागिता से ग्राम सभा सदस्यों को ग्राम विकास और कल्याण प्रयासों का दिशा का दर्शन होगा। विकास के लिए सामूहिक प्रयासों की प्रेरणा मिलेगी। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सार्थक ज्ञान वही है जो संस्कार युक्त हो। उच्च शिक्षित होना पर्याप्त नहीं है। अच्छा जीवन जीना महत्त्वपूर्ण है, जिसमें दायित्व का बोध हो। उन्होंने कहा कि संस्कारित जीवन के लिए बचपन से ही प्रयास किए जाना जरुरी है। उन्होंने आवासीय विद्यालय के शिक्षकों, प्रबंधकों और विद्यार्थियों को मिलकर संकल्प के साथ इस दिशा में प्रयास करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि दिन की अच्छी शुरुआत, अच्छे जीवन का सबक है।

## गुना का गुलाब पेरिस और लंदन में महकेगा

**भोपाल ( एजेंसी )।** गुलाबों की नगरी के रूप में देश में नई पहचान बनाते जा रहे गुना के किसानों की मेहनत को मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से नई उड़ान मिलने जा रही है। अभी गुना के 20-25 किसान उद्यानिकी विभाग और एनबीसी के सहयोग से गुलाब की खेती कर, गुलाबी नगरी जयपुर और देश की राजधानी दिल्ली में अपनी पहचान बना रहे हैं। गुना के गुलाब को लंदन और पेरिस तक पहुंचाने के प्रयास प्रारंभ हो गए हैं। जल्दी ही इसकी महक लंदन और पेरिस के बाजार में बिखरेगी। राज्य शासन उद्यानिकी (फ्लोरी-कल्चर) के माध्यम से किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में गुना के गुलाब को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम एमपीआईडीसी भी आगे आ गया है। आगामी 16 जुलाई एमपीआईडीसी एक्सपर्टस् की टीम गुना का भ्रमण करेगी। टीम में शामिल विशेषज्ञ किसानों को एक्सपोर्ट की संभावनाओं के साथ एक्सपोर्ट करने में आने वाली फॉर्मेलिटी के लिए तैयार करेंगे। एमपीआईडीसी किसानों का एक्सपोर्टर के साथ समन्वय स्थापित करने में भी सहयोग करेगा। इससे गुना का गुलाब पुणे और बेंगलुरु की तर्ज पर पेरिस, लंदन में अपनी खुशबू फैला सकेगा। वर्तमान में गुना जिले में 20 से 25 किसान लगभग 25 एकड़ में गुलाब की खेती कर रहे हैं। एक आकलन के अनुसार एक एकड़ में, एक किसान, एक वर्ष में गुलाब की खेती से 10 से 12 लाख रुपया शुद्ध मुनाफा कमा लेता है। गुना जिले में किसानों में गुलाब उत्पादन के बढ़ते हुए उत्साह को देखते हुए उद्यानिकी विभाग द्वारा इस वर्ष 2025-26 में गुना जिले में 50 एकड़ में पॉलीहाउस तैयार कर 150 किसानों को गुलाब की खेती के लिए तैयार किया जाएगा। इसे 5 वर्षों में 500 एकड़ करने का रोडमेप तैयार किया जा रहा है। उद्यानिकी विभाग द्वारा पॉलीहाउस में गुलाब की खेती की बारीकियां समझने के लिए गुलाब उत्पादकों के दल को महाराष्ट्र से पुणे और तलेगांव ले जाने का कार्यक्रम बनाया गया है। उपसंचालक उद्यानिकी गुना श्री केपीएस किरार ने बताया कि एक पॉलीहाउस 2500 स्क्वायर फीट का होता है। इसकी लागत 1000 रूपये स्क्वायर फीट आती है।

## हर्राखेड़ा में जल गंगा अभियान की चमक, डगवेल पिट बना समृद्धि का स्रोत

**भोपाल ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान ने प्रदेश के किसानों के जीवन में आशाजनक बदलाव लाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में भोपाल जिले की ग्राम पंचायत हर्राखेड़ा के किसान श्री कैलाश पिता श्री हीरालाल ने जल संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय पहल करते हुए शासन की योजना का लाभ लेकर अपने खेत में डगवेल रिचार्ज पिट का निर्माण करवाया है।

महज 24 हजार रुपये की लागत से बना यह रिचार्ज पिट आज न केवल श्री कैलाश के लिए सिंचाई का स्थायी साधन बन चुका है, बल्कि ग्रामवासियों के लिए जल प्रबंधन की सीख देने वाला केंद्र भी बन गया है। उन्होंने बताया कि अब इस पिट में एकत्रित वर्षा जल धीरे-धीरे जमीन में समाहित होता है, जिससे उनके कुएं और आसपास के जलस्रोतों में जलस्तर में सुधार हो रहा है। यह परिवर्तन उनके जीवन में एक नई ऊर्जा और आशा लेकर आया है। पूर्व में श्री कैलाश को पूरी तरह बारिश पर निर्भर रहकर खेती करनी पड़ती थी, जिससे उत्पादन सीमित रहता था। अब डगवेल पिट से मिली जल उपलब्धता ने उन्हें सब्जियां और फल जैसी अधिक लाभदायक फसलें उगाने के लिए प्रेरित किया है। इससे उनकी आय में वृद्धि होगी और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री कैलाश ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह कहानी बताती है कि जल संरक्षण की दिशा में छोटे प्रयास भी बड़े परिवर्तन ला सकते हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत न सिर्फ नए जल संरचनाएं बनाई जा रही हैं, बल्कि पुराने कुएं, बावड़ियां और तालाबों का पुनर्जीवन भी हो रहा है। गांव- गांव में जनसहभागिता से यह अभियान एक जनांदोलन का रूप ले चुका है। जल ही जीवन है ङ्क इस मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए श्री कैलाश जैसे जागरूक किसान पूरे प्रदेश में उदाहरण बन रहे हैं। यह कहानी हमें सिखाती है कि यदि हम जल के महत्व को समझें और उसकी एक-एक बूँद का संरक्षण करें, तो न केवल हमारी फसलें लहलहाएँगी, बल्कि अगली पीढ़ी को भी समृद्ध भविष्य मिलेगा।

## खाद्य मंत्री राजपूत ने प्रदेश के सभी पेट्रोल पंपों की जांच के दिए निर्देश

**भोपाल ( एजेंसी )।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेश के सभी पेट्रोल पंप की गहन जाँच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रतलाम में हुई घटना पर संज्ञान लेते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं को हर हाल में गुणवत्तायुक्त पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। श्री राजपूत ने वरिष्ठ अधिकारियों को ऑयल कंपनियों के साथ बैठक कर जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि रतलाम में कई वाहनों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पेट्रोल पंप शक्ति फ्यूल पॉइंट डोसीगाँव से डीजल भरवाया गया था। डीजल में पानी होने से वाहन बंद होने की घटना प्रकाश में आई है। खाद्य विभाग जिला रतलाम के अधिकारियों द्वारा पंप की तत्काल ही जांच की गई। जाँच में पेट्रोल एवं डीजल के सेम्पल लिए जाकर बीपीसीएल लेब मांगलिया इंदौर भेजे गए हैं। इस प्रकरण में मोटर स्पिरिट और उच्च व्यय डीजल (प्रदाय तथा वितरण का विनियम और अनाचार निवारण) आदेश 2005 के प्रावधानों के तहत दोषी पंप संचालक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 377 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। पंप पर उपलब्ध पेट्रोल 5995 ली. एवं डीजल 10657 लीटर जप्त कर पम्प को सील किया गया है। अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने इस घटना के परिपेक्ष्य में 27 जून को ही इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों की गत दिवस बैठक ली। उन्होंने घटना के संबंध में तत्काल विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश बीपीसीएल को दिए। वर्तमान में वर्षा के मौसम को देखते हुए ऑयल कंपनियों को प्रदेश के समस्त पेट्रोल पम्पों का निर्धारित चेकलिस्ट अनुसार निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। श्रीमती शमी ने कहा कि निरीक्षण में यह आवश्यक रूप से देखा जाएगा कि पेट्रोल पम्पों के भूमिगत टैंकों में पानी का रिसाव तो नहीं हो रहा है। यदि ऐसा पाया जाता है तो पानी के रिसाव को रोकने संबंधी एवं उपभोक्ताओं को सही गुणवता का डीजल और पेट्रोल प्रदाय करने की समस्त कार्यवाही करें। बैठक में सख्त निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक पेट्रोल पम्प की जाँच की जाये, जिसमें प्रतिदिन सुबह किए जाने वाला निरीक्षण एवं समय-समय पर किए जाने वाले नियमित निरीक्षणों की जांच रिपोर्ट ऑनलाईन दर्ज की जाए।

इस संबंध में जरूरी साफ्टवेयर का निर्माण करने के निर्देश भी दिए गए है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में उद्यानिकी कृषकों की सक्रिय भागीदारी

**भोपाल ( एजेंसी )।** शासन और समाज के समन्वय से जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के पुर्नजीवन और जन-जागरूकता को समर्पित जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने भी महती भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल और प्रेरणा से 30 मार्च से प्रारंभ किए गए अभियान में उद्यानिकी अमले और उद्यानिकी कृषकों की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। इस अभियान में डेढ़ लाख से अधिक कृषकों द्वारा सक्रिय भागीदारी निभाई गई। अभियान के अन्तर्गत जल के उचित प्रबंधन के प्रति जागरूकता के लिए प्रदेश के



सभी 313 विकासखंडों में 812 पानी चौपाल का आयोजन किया गया है, इन में एक लाख 21 हजार से अधिक कृषक भाई सम्मिलित हुए। यह पानी चौपाल वन-वे'' नहीं टू-वे कम्यूनिकेशन पर केन्द्रित रही, जिनमें किसानों द्वारा अपने गांव, खेतों में बने प्राकृतिक स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन और पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार पर विचार रखे गये।

पानी चौपाल के माध्यम से कृषकों को पौध-रोपण के लिए समझाया गया कि कम से कम 2 से 3 आयु वर्ष के पौधों का ही रोपण किया जाए, इनके जीवित रहने की संभावना अधिक रहती है। वर्तमान में प्रदेश की विभिन्न नर्सरियों में 25 लाख से अधिक जीवित पौधे है, जो इच्छुक किसान भाई प्राप्त कर सकते हैं।

कृषक भाइयों को पानी के महत्व को समझाने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत पर ड्राप-मोर क्रॉप अभियान भी चलाया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान में 12 हजार 488 हेक्टेयर क्षेत्र में इस पद्धति से सिंचाई के लिए लगभग 27 हजार कृषकों द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन कराया गया है, जो एक उपलब्धि है।

## उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल में विभिन्न संकायों के परीक्षा परिणाम घोषित

**भोपाल ( एजेंसी )।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने शैक्षणिक कैलेंडर का पालन करने, समय पर परीक्षा परिणाम जारी करने के लिए, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान भोपाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। संस्थान के सामान्य परिषद के अध्यक्ष श्री परमार ने परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल में शनिवार को, संचालक डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ महिपाल सिंह यादव, परीक्षा शाखा के सभी अधिकारियों एवं सभी विभाग अध्यक्षों की उपस्थिति में



परीक्षा परिणाम समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

संस्थान के संचालक डॉ. प्रज्ञेश अग्रवाल ने बताया कि बीए द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम 87.72 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 94.79 प्रतिशत, बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर का 90.83 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 97.61 प्रतिशत, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर का 85.75 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 93.60 प्रतिशत, बीपीईएस द्वितीय सेमेस्टर का 100 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 66.66 प्रतिशत, बीबीए द्वितीय सेमेस्टर का 90.69 प्रतिशत, चतुर्थ सेमेस्टर का 100 प्रतिशत तथा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर का 94.42 प्रतिशत रहा है।

बीए द्वितीय सेमेस्टर में 383 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 146 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है। बीए चतुर्थ सेमेस्टर में 346 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 201 परीक्षार्थियों का एसजीपीए 7.5 या उससे अधिक है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान से खेतों में लौटी हरियाली, किसानों के जीवन में आई समृद्धि

**भोपाल ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प पर्यावरण संरक्षण एवं जल बचाओ को साकार करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान मध्यप्रदेश में एक जनांदोलन का रूप ले चुका है। प्रदेशभर में 30 जून तक चलाए जा रहे इस अभियान ने हजारों किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।भोपाल जिले की ग्राम पंचायत मनीखेड़ी गुनगा के कृषक श्री अर्जुन सिंह पिता श्री राम सिंह इसका जीवंत उदाहरण हैं। उन्होंने शासन की इस योजना का लाभ उठाते हुए अपने खेत में एक तालाब का निर्माण करवाया है, जिसकी भराव क्षमता 3600 घन मीटर है। ?4.74 लाख की लागत से निर्मित यह तालाब न केवल सिंचाई के लिए जल का स्थायी स्त्रोत बनेगा, बल्कि इसके माध्यम से मछली पालन जैसी आयवर्धक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

श्री अर्जुन सिंह ने बताया कि पूर्व में उन्हें पूरी तरह वर्षा पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब इस तालाब के जल से वे कम वर्षा में भी अपनी फसलों की सिंचाई कर सकेंगे। इससे उन्हें पारंपरिक फसलों के साथ-साथ सब्जियों और फलदार फसलों की खेती करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। वे मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को इस दूरदर्शी अभियान के लिए हृदय से धन्यवाद देते हैं। तीन माह से चल रहा है जल सहेजने का समर्पित अभियान भोपाल जिले सहित पूरे प्रदेश में विगत तीन माह से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। नए तालाबों के निर्माण के साथ-साथ पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। नदियों की साफ-सफाई एवं जल संचयन हेतु भी अनेक पहलें अपनाई गई हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में खंडवा बना प्रदेश का टॉप जिला

**भोपाल ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान मध्यप्रदेश में जल संरक्षण के संकल्प के लिये जन-सहभागिता जुटाने में एक ऐतिहासिक पहल सिद्ध हुआ है। मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद द्वारा जारी नवीनतम राज्य स्तरीय प्रदर्शन डैशबोर्ड के आकलन के अनुसार खंडवा को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। इससे पहले भी केन्द्रीय एजेंसी ने जल संरक्षण कार्यों के लिए खंडवा को देश का शीर्ष जिला घोषित किया था। यह अभियान 30 मार्च से संचालित किया जा रहा है। समापन खण्डवा में 30 जून को होगा। राज्य सरकार ने पाँच प्रमुख क्षेत्रों — पुराने एनआरएम कार्य, खेत-तालाब, डगवेल, अमृत सरोवर और मायभारत पंजीयन — पर आधारित 100 अंकों की रैंकिंग प्रणाली लागू की है। इस आधार पर खंडवा जिला 89.02 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा। खेत-तालाब निर्माण, डगवेल रिचार्ज और अमृत सरोवर की शुरुआत में खंडवा का प्रदर्शन सर्वोत्तम रहा। बालाघाट 83.26 अंक, रायसेन 83.19 अंक, उज्जैन 73.83, छिंदवाड़ा 72.90 और बुरहानपुर 70.41 दूसरे, तीसरे, चौथे, पांचवे एवं छठे स्थान पर रहे।

# राज्यमंत्री ने 329 किसानों को वितरित किए बीज



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने रविवार को सोहावल विकासखंड में आयोजित बीज वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान अनुसूचित जाति, जनजाति और सामान्य वर्ग के 329 किसानों को बीज वितरित किए गए। राज्यमंत्री ने कहा, "यह कार्यक्रम किसानों को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सरकार की जनहितकारी योजनाएं अन्नदाताओं को नई ऊर्जा प्रदान कर रही हैं। कृषि समृद्ध, किसान समर्थ–यही हमारा संकल्प है।"

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, जनपद अध्यक्ष राजेश रावत, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बराज, जनपद सदस्य रावेंद्र सिंह लल्ला, अर्चना पांडे, शन्नो अहिरवार, कृषि स्थायी समिति सभापति राम सिंह और वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजललन बागरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कृषि विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं, त्वरित निराकरण के निर्देश



नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने रविवार को सतना विधानसभा क्षेत्र कार्यालय में जनता दरबार आयोजित कर आमजन और गणमान्य नागरिकों की समस्याएं सुनीं। विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। शासन स्तर पर निराकरण योग्य समस्याओं के लिए प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिए गए।

## उप मुख्यमंत्री पतंजलि योग समिति की कार्यकारिणी बैठक में हुए सम्मिलित



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज उर्रहट रीवा में भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योग समिति की राज्य कार्यकारिणी बैठक में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने स्वस्थ भारत, स्वच्छ भारत एवं समृद्ध भारत बनाने हेतु अपने विचार साझा किए एवं समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समिति से जुड़े प्रबुद्धजन एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री ने अटल कुंज में मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम में की शिरकत



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज रीवा के अटल कुंज भाजपा कार्यालय में कांग्रेस द्वारा लागू आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं द्वारा व्यक्त विचारों की सराहना की और लोकतंत्र को सशक्त करने वाले इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्यजन उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ने आपातकाल के काले अध्याय को याद करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा पर जोर दिया।

# सतना कलेक्टर और एसपी ने लिया अतिवृष्टि व बाढ़ तैयारियों का जायजा



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने रविवार को सतना जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सतना नदी के पुराने रपटे, माधवगढ़ टमस नदी पुल और जिगनहट पुल पर जलस्तर और राहत-बचाव व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना और कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बी.आर. सिंह मौजूद रहे।

इसी तरह, उचेहरा तहसीलदार ज्योति पटेल और जनपद सीईओ प्रभा टेकाम ने पिपरीकला नौपुला के पास जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि आसपास के पानी के इकट्ठा होने से पुल जलमग्न हो जाता है, जिससे पिपरीकला और नौपुला का आवागमन प्रभावित होता है। पंचायत सचिव तरुण मिश्रा, पटवारी रंजीत विश्वकर्मा, पूजा गौतम और सोमचंद सेन भी उपस्थित रहे।

## चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के घाटों की सफाई शुरू



चित्रकूट में शनिवार को मंदाकिनी नदी में बाढ़ के बाद जलभराव की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने राहत और बचाव के सभी इंतजाम किए। बाढ़ के बाद जलस्तर सामान्य होने पर नगर परिषद की टीम ने भरतघाट, राघव प्रयाग घाट सहित अन्य घाटों पर जमा मिट्टी और कचरे की सफाई शुरू कर दी है।

# टी.आर.एस. कॉलेज में सीनियर छात्रों को दी गई यादगार विदाई

## छात्रों ने संजोई यादें, स्नेह के साथ दी विदाई



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** टी.आर.एस. कॉलेज के समाज कार्य विभाग में रविवार को एक भावनात्मक और गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी के मार्गदर्शन में हुआ। एम.एस.डब्ल्यू. द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों ने अपने सीनियर चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। समारोह में मोरल स्टोरी, भाषण, कविताएं, और भविष्य पथ निर्माण जैसे प्रेरणादायी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर्स के प्रति स्नेह और सम्मान को फोटो फ्रेम के रूप में उपहार देकर अमर किया। ये चित्र केवल उपहार नहीं, बल्कि साथ बिताए अनमोल पलों की अमिट धरोहर थे। विभागाध्यक्ष डॉ. अखिलेश शुक्ल ने भावुक होकर कहा, "विदाई केवल औपचारिकता है, लेकिन आपकी यादें हमारे हृदय में हमेशा जीवित रहेंगी। आपने अपनी ऊर्जा और प्रतिभा से विभाग को जीवंत बनाया। संकोच से भरे पहले दिन से आत्मविश्वास से भरे इस विदाई तक का सफर हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है।"

डॉ. महानन्द द्विवेदी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा, "जीवन एक पाठशाला है, जिसमें हर दिन नया अध्याय है। अब आपकी असली परीक्षा जीवन की राहों में होगी।" डॉ. एस.पी. शुक्ल ने जोर देकर कहा, "यहां सीखे गए मूल्य और संस्कार आपके व्यक्तित्व का हिस्सा हैं। यह संस्थान आपकी सफलता की कहानियों में गर्व से शामिल रहेगा।" डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने भी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, "अब आप जीवन की विराट पाठशाला में प्रवेश कर रहे हैं।"

मिस्टर और मिस फेयरवेल का चयन, यादगार लम्हे

समारोह में मिस फेयरवेल के रूप में अर्चिता द्विवेदी, मिस्टर फेयरवेल के रूप में अमन पाण्डेय, बेस्ट स्माइल के लिए नैन्सी अग्निहोत्री, बेस्ट स्टाइल के लिए कोमल चतुर्वेदी, बेस्ट कॉस्ट्यूम (छात्र) के लिए आलोक शुक्ला, बेस्ट कॉस्ट्यूम (छात्रा) के लिए साइबा खान और बेस्ट पर्सन के लिए दिनेश प्रजापति को चुना गया। कार्यक्रम में डॉ. गुंजन सिंह, डॉ. प्रियंका तिवारी और योगेश निगम की उपस्थिति ने समारोह को और खास बनाया। कार्यक्रम का संचालन अंकित पाण्डेय और मुस्कान ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन अतुल पटेल ने किया। द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों गौरव सोंधिया, अतुल पटेल, शुशांतिका शुक्ला, अर्पिता शुक्ला, रेशु त्रिपाठी, अशोक कुशवाहा, शिवानी, अंजली, अंशी, मुस्कान, आरती, साक्षी, अनुराग, सुधांशु शुक्ला और अंकित पाण्डेय ने समारोह को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह विदाई समारोह न केवल स्नेह और स्मृतियों का संगम था, बल्कि छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए एक प्रेरणादायी मंच भी साबित हुआ।

## सिन्धु विकास समिति करेगी डॉक्टर्स का सम्मान

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सिन्धु विकास समिति करेगी डॉक्टर्स का सम्मानसतना समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति 1जुलाई डॉक्टर्स डे के अवसर पर डॉ. राकेश अग्रवाल अध्यक्ष आई एम मनोज शर्मा अध्यक्ष सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन सतना मनविंदर ओबेरॉय अध्यक्ष जिला उद्योग संघ राकेश सोनी डोला भईया सदस्य भारत स्काउट गाइड जिला संघ सतना संरक्षक श्रीचंद मनवानी गोपी गेलानी मनोहर डिगवानी अध्यक्ष विनोद गेलानी महामंत्री घनश्याम मंघरानी की गरिमामय उपस्थिति में डॉक्टर्स का सम्मान करेगी संस्था के मंत्री संजय वाधवानी ने जानकारी देते हुए बताया सम्मान समारोह अमर शहीद हेमू कॉलोनी पार्क परिसर सिन्धी कॉलोनी में प्रातः 9 बजे से आयोजित किया गया हैसंस्था के ज्ञान खटवानी,गोपीचंद कापड़ी, विजय जग्यासी इंद्रलाल आडवाणी श्रीचंद शीतलानी संजय वाधवानी,महेश रावलानी दिलीप सोनी गंगाराम सचदेव जितेन्द्र गावरी,अशोक चांदवानी रंजीत सेनानी,मनीष टेकवानी संजय सेनानी मनीष सदानी पंकज आहूजा दीपक वाधवानी बसंत खत्री केशव मांखीजा अमित कामरानी राजेश कोटवानी कमल पुरस्वानी विष्णु जनवाणी अशोक पिजानी महेश जनवाणी राज कुमार साधवानी अनिल मोटवानी ओंम सोनेजा ने कार्यक्रम शामिल में शामिल होने की अपील की है।

## जिले में 1052154 हितग्राहियों का ई केवाईसी हुआ अपडेट

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों के ई केवाईसी अपडेशन का कार्य लगातार किया जा रहा है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि जिले में खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित परिवारों के 11 लाख 99 हजार 962 सदस्य राशन मित्र पोर्टल पर दर्ज हैं।

इनमें से 30610 अपात्र तथा मृत हितग्राहियों के नाम एम राशन मित्र पोर्टल से हटाने की कार्यवाही ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों द्वारा पूरी कर ली गयी है। अब तक 1052154 सदस्यों की ईकेवाईसी अपडेशन का कार्य किया जा चुका है। शेष बचे हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेशन का कार्य 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। ई केवाईसी कराने के लिए उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन पीओएस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों का ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी भी ई केवाईसी अपडेट कर रहे हैं। एप के माध्यम से हितग्राही को स्वयं ई केवाईसी दर्ज कराने की भी सुविधा दी गई है। इसके अलावा कॉमन सर्विस सेंटर तथा मोबाइल ऐप में भी ई केवाईसी अपडेशन की सुविधा उपलब्ध है।

जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि 28 जून तक जिले में 10 लाख 52 हजार 154 हितग्राहियों की ई केवाईसी की जा चुकी है। यह कुल हितग्राहियों का 87.70 प्रतिशत है। जिसमें जनपद पंचायत गंगेव में 135374, जवा में 130443, रायपुर कर्चुलियान में 168350, रीवा में 169177, सिरमौर में 182590, त्योंथर में 124407 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है। नगरीय निकायों में नगर निगम रीवा में 68848, नगर परिषद डभौरा में 13376, बैकुण्ठपुर में 6078, चाकघाट में 5792, गोविंदगढ़ में 7149, गुढ़ में 9072, मनगवां में 7368, सेमरिया में 8700, नगर परिषद सिरमौर में 5939 तथा नगर परिषद त्योंथर में 9491 हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेट की जा चुकी है।

## संभागीय सतर्कता समिति में होगी एक सदस्य की नियुक्ति

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** लोकायुक्त पुलिस विभाग में संभागीय सतर्कता समिति गठित है। समिति में शासन द्वारा निर्धारित तीन पदों में से दो पद भरे हुए हैं। समिति में रिक्त एक पद को भरे जाने की कार्यवाही की जा रही है।

शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय वन सेवा अथवा भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इन सेवाओं के समकक्ष अन्य सेवाओं के प्रतिष्ठित क्षेत्र के भी सेवानिवृत्त व्यक्ति इसके लिए पात्र होंगे। इच्छुक सेवानिवृत्त अधिकारी अपना बायोडाटा जिला विशेष शाखा रीवा में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## सतना जिले में अब तक 158 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना जिले में 1 जून से 29 जून 2025 तक 158 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख के अनुसार, तहसील-2द्बह्य– वर्षा इस प्रकार है॥ सतना (रघुराजनगर)- 325.1 मिमी, सोहावल (रघुराजनगर)- 94.5 मिमी, बरौंधा (मझगवां)- 136 मिमी, बिरसिंहपुर- 85.2 मिमी, रामपुर बाघेलान- 61 मिमी, नागौद- 289.3 मिमी, जसो (नागौद)- 47.6 मिमी, उचेहरा- 225.5 मिमी। जिले की सामान्य औसत वर्षा 891.7 मिमी है, जबकि पिछले वर्ष इस अवधि में 79.7 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी।

## जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 30 जून को

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 और संशोधित नियम 2016 के तहत जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 30 जून 2025 को सायं 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में होगी। जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण ने बताया कि बैठक में अधिनियम के तहत प्रकरणों की स्वीकृति, भुगतान राशि, पीड़ितों को दी गई सहायता, विशेष न्यायालय में विचाराधीन और निराकृत मामलों, पुलिस में दर्ज प्रकरणों और लंबित अनुसंधानों पर चर्चा होगी।

## सतना में टीएल बैठक में उर्वरक वितरण की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 30 जून को सुबह 10.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक होगी। बैठक में उर्वरक भंडारण, वितरण और शेष स्टॉक से संबंधित विषयों की समीक्षा की जाएगी। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास मनोज कश्यप ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ और म.प्र. राज्य उद्योग विकास निगम के अधिकारियों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के साथ उपस्थित रहने को कहा है।

## मैहर में अब तक 120 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर जिले में 1 जून से 29 जून 2025 तक 120 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख के अनुसार, तहसील-2द्बह्य– वर्षा इस प्रकार है। अमरपाटन- 122 मिमी, मैहर- 93.5 मिमी, रामनगर- 144.5 मिमी। जिले की सामान्य औसत वर्षा 919.7 मिमी है, जबकि पिछले वर्ष इस अवधि में 80.2 मिमी वर्षा दर्ज हुई थी।

# विचार

## एससीओ में रक्षामंत्री का चीन-पाक को कड़ा संदेश

भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के पोर्ट सिटी किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए संयुक्त घोषणापत्र में हस्ताक्षर करने से मना कर न केवल पाकिस्तान और चीन को नये भारत का कड़ा संदेश दिया, बल्कि दुनिया को भी जता दिया कि भारत आतंकवाद को पोषित एवं पल्लवित करने वाले देशों के खिलाफ अपनी लड़ाई निरन्तर जारी रखेगा। घोषणापत्र में बलोचिस्तान की चर्चा की गई थी किन्तु पहलगाम के क्रूर आतंकवादी हमले जिनमें धर्म पूछकर 26 लोगों को मारे जाने का कोई विवरण नहीं था। भारत की आतंकवाद को लेकर दोहरे मापदंड के विरुद्ध इस दृढ़ता एवं साहसिकता की चर्चा विश्वव्यापी हो रही है। भारत ने विश्व को आगाह कर दिया है कि अब आतंकवाद के मुद्दे पर दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। राजनाथ सिंह के अडिगता एवं असहमति के इस कदम से एससीओ के रक्षामंत्रियों का सम्मेलन बिना संयुक्त वक्तव्य जारी किये ही समाप्त हो गया, जो पाकिस्तान एवं चीन के मुंह पर करारा तमाचा है। ऐसा होना भारत की ही जीत है और चीन-पाकिस्तान के लिये शर्मसार होने की घटना है। विशेषतः इस घटनाक्रम से चीन की बदनीयत एक बार फिर से उजागर हो गई है। भारत विश्व स्तर पर इस कोशिश में लगा रहता है कि आतंकवाद का दबाव कम हो, दुनिया आतंकमुक्त बने, निर्दोष लोगों की क्रूर आतंकी हत्याओं पर विराम लगे, पर दुर्भाग्य से दुनिया में अनेक देश अपना राजनीतिक नफा-नुकसान देखकर ही इस पर अपना रुख तय करते हैं। वास्तव में एससीओ की बैठक में भी यही हुआ है। त्रासद विडंबना है कि एससीओ में शामिल देशों ने भारत में पडोसी देश पाक की आतंक घटनाओं पर विसंगतिपूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण रवैया अपनाया। वास्तव में, यह एक और प्रमाण है कि पाक पोषित आतंकवाद संबंधी भारतीय शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। इस बीच, अमरनाथ यात्रा से ठीक एक सप्ताह पहले गुरुवार को उधमपुर जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ सोचने पर मजबूर करती है। पाक की आतंकी हरकतें रूक नहीं रही है, अमरनाथ यात्रा पहले ही आतंकियों के निशाने पर रही है और इस बार भी आतंकियों के निशाने पर है, विगत तीन दशक से तनाव की स्थिति में ही अमरनाथ यात्रा हो रही है। सुरक्षा बल शांतिपूर्ण यात्रा के लिए प्रयासरत हैं लेकिन एससीओ जैसे संगठनों को पाक को सख्त हिदायत देते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत में पाक समर्थित आतंकवाद रूकना चाहिए। निश्चित ही एससीओ सम्मेलन में भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एक निडर एवं साहसिक नेता के रूप में उभरे। उन्होंने आतंकवाद की जड़ों पर प्रहार करने की भारत की नई नीति की रूपरेखा सम्मेलन में रखी। उनका कहना था कि संगठन के सदस्य देशों को आतंकवाद जैसी सामूहिक सुरक्षा से उत्पन्न चुनौती के मुकाबले के लिये एकजुट होना चाहिए। उनका मानना था कि कट्टरता, उग्रवाद और आतंकवाद दुनिया में शांति, सुरक्षा और विश्वास को कम कर रहे हैं। यह भी कि आतंकवाद पर तार्किक प्रहार किए बिना सदस्य देशों में शांति व समृद्धि संभव नहीं है।

# बाढ़जनित हादसों में कब तक होती रहेगी जन-धन की हानि

**योगेंद्र योगी**

**देश में सरकारी मशीनरी की तंद्रा तब भंग होती है, जब कोई बड़ा हादसा हो जाए। दूसरे शदों में कहें तो सरकारी तंत्र जागने के लिए बड़े हादसे की इंतजार में रहता है। पहले हुए हादसों से सबक सीखने की जरूरत महसूस नहीं की जाती। इसकी प्रमुख वजह है जिमेदारी का अभाव। यदि यह जिमेदारी तय कर दी जाए कि किसी तरह के हादसे के जिमेदारी संबंधित विभागों के अफसरों की होगी और हादसा होने की सूरत में उन्हें सत सजा मिलेगी, तभी हादसों पर लगाम लगाई जा सकती है। अभी मानसून की शुरुआत है। हर साल मानूसन के दौरान देश में बाढ़ जनित हादसों में सैकड़ों लोगों की मौत होती है। भारी बारिश से देश को अरबों रुपयों की सपंी का नुकसान होता है।**



जन-धन की इस हानि की किसी जिम्मेदारी तय नहीं है। आखिर कौन हर साल होने वाले ऐसे हादसों के लिए जिम्मेदार है। हादसा होने के बाद सिर्फ लकीर पीटी जाती है। ऐसे उपाय नहीं किए जाते कि हादसों की पुनरावृत्ति नहीं हो, या फिर इनकी संख्या में कमी लाई जा सके।

भारत में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले आर्थिक नुकसान में तेजी से वृद्धि हुई है। 2013-2022 के दशक में हर साल औसतन 8 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 66,000 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ। यह 2003-2012 के दशक की तुलना में 125 फीसदी अधिक है, जब यह आंकड़ा 3.8 अरब डॉलर था। वर्ष 2024 के नुकसान की गणना अभी बाकी है, जो इतिहास में भारत का सबसे गर्म साल रहा है। यह वृद्धि बताती है कि या तो प्राकृतिक आपदाएं अधिक बार आ रही हैं, अधिक गंभीर हो गई हैं, या दोनों ही बातें हो रही हैं।

1970 से 2021 तक का डेटा दिखाता है कि समय के साथ प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले आर्थिक नुकसान में लगातार बढ़ोतरी हुई है। कुछ वर्षों में नुकसान की मात्रा में बड़ी छलांग देखी गई, जो विनाशकारी घटनाओं, जैसे कि बड़े चक्रवातों, बाढ़, या सूखे के कारण हुई। वर्ष 2023 में, भारत को प्राकृतिक आपदाओं से 12 अरब अमेरिकी डॉलर (एक लाख करोड़ रुपये से अधिक) का नुकसान हुआ। यह 2013-2022 के औसत 8 अरब डॉलर से काफी ज्यादा था। स्विस रे की रिपोर्ट के अनुसार, ये बड़े नुकसान उन क्षेत्रों में हुए जहां संपत्तियों और आर्थिक गतिविधियों की संख्या ज्यादा है। स्विस रे एक प्रमुख पुनर्बीमा कंपनी है, जो विभिन्न प्रकार की रिपोर्ट और अध्ययन प्रकाशित करती है।

जून 2023 में, चक्रवात बिपरजॉय ने गुजरात के कच्छ जिले में भारी नुकसान पहुंचाया। इसके कारण सौराष्ट्र और कच्छ के सभी बंदरगाह, जैसे कांडला और मुंदरा बंदरगाह, बंद हो गए। तेज हवाओं, भारी बारिश और समुद्री तूफान ने राज्य में भारी तबाही मचाई। इस चक्रवात ने महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे पड़ोसी राज्यों को भी प्रभावित किया। दिसंबर 2023 में, चक्रवात मिकाउंग के चलते चेन्नई में भारी बारिश और बाढ़ के कारण बड़े नुकसान हुए। इसके अलावा, जुलाई 2023 में उत्तरी भारत और सिक्किम में आई बाढ़ ने हिमाचल प्रदेश और दिल्ली को बुरी तरह प्रभावित किया। स्विस रे के विश्लेषण में पाया गया कि भारत में पिछले दो दशकों में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले कुल वार्षिक नुकसान का लगभग 63 फीसदी हिस्सा बाढ़ से जुड़ा हुआ है। इसका कारण भारत की जलवायु और भौगोलिक स्थिति है। भारत में गर्मी का मॉनसून (जून से सितंबर) और पूर्वोत्तर मॉनसून (अक्टूबर से दिसंबर) भारी बारिश लाते हैं, जिससे गंभीर बाढ़ की स्थिति पैदा होती है। कुछ बड़ी घटनाओं में 2005 में मुंबई, 2013 में उत्तराखंड, 2014 में जम्मू और कश्मीर, 2015 में चेन्नई और 2018 में केरल की बाढ़ शामिल हैं। साल 2023 में उत्तर भारत की बाढ़ ने भी एक अरब डॉलर से अधिक का नुकसान पहुंचाया। रिपोर्ट कहती है कि नुकसान में वृद्धि के कई कारण हैं। इनमें जलवायु परिवर्तन प्रमुख है।

बढ़ते तापमान से चक्रवात, बाढ़ और सूखे जैसी घटनाओं की तीव्रता और आवृत्ति बढ़ी है। इसके अलावा संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ता निर्माण और आबादी आपदा के समय अधिक नुकसान का कारण बनते हैं। बाढ़ जैसी आपदाओं से सड़कों, पुलों और सार्वजनिक उपयोगिताओं जैसे बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान होता है। इससे ना केवल आर्थिक गतिविधियां बाधित होती हैं बल्कि यह लोगों की जिंदगी को भी प्रभावित करता है। कुदरती आपदाओं के कारण ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घरों का बड़े पैमाने पर नुकसान होता है। इससे हजारों लोग बेघर हो जाते हैं और फिर से निर्माण में भारी खर्च आता है। प्राकृतिक आपदाओं से भारत के कुछ क्षेत्र अधिक प्रभावित हैं। तटीय राज्य, जैसे ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल अक्सर चक्रवात और समुद्री तूफानों का सामना करते हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे गंगा के मैदान हर साल बाढ़ से प्रभावित होते हैं। राजस्थान और गुजरात बार-बार सूखे का सामना करते हैं। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे हिमालयी क्षेत्र भूकंप और भूस्खलन के लिए संवेदनशील है। साथ ही, मुंबई, चेन्नई और दिल्ली जैसे बड़े शहर बाढ़ और जलभराव के लिए अधिक संवेदनशील हैं। वर्ष 2005 की मुंबई बाढ़ और 2015 की चेन्नई बाढ़ भारत की सबसे महंगी प्राकृतिक आपदाओं में से हैं। इनसे क्रमशः 5.3 अरब डॉलर और 6.6 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। रिपोर्ट कहती है कि इन घटनाओं से स्पष्ट है कि बेहतर योजना और आपदा प्रबंधन की सख्त जरूरत है। जलवायु परिवर्तन के चलते भविष्य में प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता और बढने की संभावना है। स्विस रे के मुताबिक भारत को आपदा प्रबंधन और तैयारी के लिए बेहतर कदम उठाने होंगे और ऐसा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना होगा जो आपदाओं का सामना कर सके। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए स्विस रे की रिपोर्ट में कुछ उपाय भी सुझाए गए हैं। जैसे कि डेटा और प्रभावित केंद्रों की पहचान कर संवेदनशील क्षेत्रों का विस्तृत नक्शा बनाना होगा। आधुनिक तकनीकों और डेटा का इस्तेमाल कर नुकसान का सटीक आकलन किया जाए। ऐसी बीमा योजनाएं तैयार की जाएं, जो अधिक लोगों तक पहुंच सकें और प्राकृतिक आपदाओं के बाद वित्तीय सुरक्षा प्रदान कर सकें। फरवरी 2021 में उत्तराखंड में एक हिमनद के फटने के कारण बर्फ, हिम और मलबे का स्खलन होने से व्यापक %फ्लैश फ्लड% उत्पन्न हुआ। भारत में बाढ़ प्रतिवर्ष लगभग 75 लाख हेक्टेयर भूमि क्षेत्र को प्रभावित करती है और फसलों, घरों एवं सार्वजनिक उपयोगिताओं की क्षति के रूप में 1,805 करोड़ रुपए मूल्य की हानि का कारण बनती है। सवाल यह है कि आखिर देश के लोग बाढजनित आपदाओं की मार कब तक झेलते रहेंगे। हर साल होने वाली मौतें और हजारों करोड़ की सम्पत्ति की बर्बादी आखिर कब थमेगी। सिर्फ प्रकृति को दोष से देने से जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। लापरवाही की बहानेबाजी का यह सिलसिला तब तक चलता रहेगा, जब तक सजा का कठोर प्रावधान नहीं होगा।

# संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाते राहुल गांधी

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

नवंबर 2024 में महाराष्ट्र चुनाव में करारी पराजय के बाद कांग्रेस और उसके कुछ सहयोगी दलों ने चीखना शुरू कर दिया था- ईवीएम में भूत है, जो भाजपा को ही वोट भेजता है।' अप्रैल 2025 को विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने अमेरिका दौरे के दौरान बोस्टन में एक मीटिंग को संबोधित करते हुए महाराष्ट्र चुनाव का हवाला देते हुए, चुनाव पर बड़े सवाल उठाए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में चुनाव आयोग कंप्रोमाइज्ड है।

ताजा संदर्भ राहुल गांधी ने 'मैच-फिक्सिंग महाराष्ट्र' शीर्षक से 7 जून को एक लेख लिखा। ये कई अखबारों में छपा। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं और भाजपा ने सुनियोजित तरीके से चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया। यह कोई पहला ऐसा मौका नहीं है जब राहुल गांधी ने संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठया हो या फिर उन्हें कटघरे में खड़ा करने का काम किया हो। वो आदतन अक्सर ऐसा करते रहते हैं ।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 324 निर्वाचन आयोग को स्वतंत्र और स्वायत्त संस्था के रूप में स्थापित करता है जिसे संसद, राष्ट्रपति, विधानसभा और सभी निर्वाचित निकायों के चुनाव निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने का दायित्व दिया गया है। यह संस्था न तो कार्यपालिका के अधीन है और न ही किसी राजनीतिक दबाव में काम करती है। भारतीय निर्वाचन आयोग केवल एक प्रशासनिक निकाय नहीं बल्कि विवाद-निराकरण और मतदाता-विश्वास निर्माण की भी जिम्मेदारी निभाता है। आयोग मतदान प्रक्रिया को विश्वसनीय बनाने के लिए कई स्तर पर काम करता है। राहुल गांधी सस्ती लोकप्रियता पाने के कुछ भी बयान देते हैं, पर तर्क और तथ्य की कमी होती है। इससे समाज में भ्रम फैलता है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया कमजोर पड़ती है। विदेशी धरती पर जाकर वो देश का अपमान, मोदी सरकार की आलोचना और संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाने का कोई अवसर चूकते नहीं हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी ने अमेरिका के नेशनल प्रेस क्लब में कहा



कि भारत में लोकतंत्र पिछले 10 सालों से टूटा (ब्रोकेन) हुआ था, अब यह लड़ रहा है। उनका यह कहना लोकतंत्र की मूल भावना पर ही सवाल उठाता है। खासकर तब जब भारत में लगातार चुनाव होते रहे हैं और सरकारें बदलती रहीं हैं। बीते 10-11 वर्षों में देश में कई ऐसी सरकारें बनी हैं, जिसे बीजेपी को हराने के बाद कांग्रेस को मौका मिला है। मतलब, अगर नतीजे राहुल और उनकी पार्टी के लिए अच्छे रहें तो लोकतंत्र ठीक है और नहीं तो वह ब्रोकेन हो जाता है।

सितंबर 2023 में राहुल गांधी ने ब्रसेल्स में यूरोपियन यूनियन में कहा कि भारत में फुल स्केल एसॉल्ट हो रहा है। उन्होंने भारतीय संस्थाओं की निष्पक्षता पर संदेह जताया। मई 2022 में लंदन में आइडियाज फॉर इंडिया सम्मेलन में राहुल ने कहा कि भारत की संस्थाएं परजीवी बन गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि डीप स्टेट (सीबीआई, ईडी) भारत को चबा रहा है। यहां डीप स्टेट का मतलब सरकार के अंदर छिपे हुए ऐसे ताकतवर लोग हैं जो अपने फायदे के लिए काम करते हैं। यहां डीप स्टेट का मतलब सरकार के अंदर छिपे हुए ऐसे ताकतवर लोग हैं जो अपने फायदे के लिए काम करते हैं। राहुल गांधी ने भारत की तुलना पाकिस्तान जैसे अस्थिर लोकतंत्र से भी कर दी।

2017 में ही अमेरिका में राहुल गांधी ने कहा कि भारत अब वह नहीं रहा जहां हर कोई कुछ भी कह सकता है। उन्होंने विदेश की धरती पर भारत में %फ्री स्पीच% की स्थिति पर संदेह पैदा करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भारत में सहनशीलता खत्म हो गई है। जबकि, हकीकत ये है कि राहुल गांधी संसद से लेकर बाहर तक जब जो जी में आता है, बयान देते रहे हैं और सरकार को छोड़ दें, शायद ही कोई संवैधानिक संस्था बची हो, जिस पर उन्होंने निशाना न साधा हो। राहुल गांधी यह क्यों भूल जाते हैं कि भारतीय चुनाव आयोग ने ही वे चुनाव संपन्न करवाए हैं, जिनके दम पर वह आज विपक्ष के नेता पद पर बैठे हुए हैं। उनके परिवार के तीन-तीन सदस्य इन्हीं चुनावी प्रक्रियाओं का सहारा लेकर संसद में मौजूद हैं। यहीं की संवैधानिक संस्थाओं ने उन्हें इतनी राहत दी हुई है कि नेशनल हेराल्ड केस में गंभीर आरोपों के बावजूद वो और उनका मां सोनिया गांधी को जमानत मिली हुई है।

बीते कुछ वर्षों में राजनीतिक तौर पर भले ही भारत की चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाने का चलन बन गया हो लेकिन भारत के चुनाव आयोग की प्रशंसा केवल देश के भीतर ही नहीं संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय चुनाव पर्यवेक्षकों और कई विदेशी सरकारों द्वारा भी की गई है। हार्वर्ड कैनेडी स्कूल के 2020 के एक अध्ययन में भारत के चुनाव आयोग को 'वन ऑफ़ दी मोस्ट रोबस्ट इलेक्टोरल इंस्टीटूशन्स ग्लोबली' (विश्व स्तर पर सबसे मजबूत चुनावी संस्थाओं में से एक) कहा गया। यही नहीं, 2014, 2019 और 2024 के आम चुनावों में भारत ने पूरी दुनिया को दिखाया कि तकनीक, प्रशिक्षण और जनता की भागीदारी के माध्यम से एक निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संभव है।

बीती मई को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने से चुनाव आयोग से मुलाकात कर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को उठाया था। यह बातचीत निर्वाचन आयोग की उस नई पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य राजनीतिक दलों की चिंताओं और सुझावों को सीधे तौर पर सुनकर चुनावी प्रक्रिया को अधिक मजबूत और पारदर्शी बनाना है।

# रायपुर में एनएसयूआई की बैठक में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज का स्मार्टफोन चोरी

### बोले- पूरा प्रदेश असुरक्षित; बीजेपी ने कसा तंज





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई ) की राज्य कार्यकारिणी की बैठक रविवार को राजीव भवन, रायपुर में आयोजित हुई। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी ) अध्यक्ष दीपक बैज का स्मार्टफोन चोरी हो गया। घटना खम्हारडीह थाना क्षेत्र की है, और पुलिस व साइबर टीम मौके पर जांच कर रही है।

दीपक बैज ने कहा, "बैठक के बाद मेरा फोन कहीं खो गया या मैंने इसे कहीं रख दिया, याद नहीं। फोन में ज्यादा महत्वपूर्ण सामग्री नहीं थी, लेकिन गांव से लेकर दिल्ली तक के कई संपर्क नंबर थे, जिसकी चिंता है।" उन्होंने आगे कहा, "राजीव भवन ही नहीं, पूरा प्रदेश असुरक्षित है। हमारे कार्यकर्ता ऐसा नहीं करेंगे। संभवतः कोई संदिग्ध व्यक्ति भीड़ में घुसकर यह काम कर गया।" बैज ने बताया कि फोन बार-बार चालू-बंद किया जा रहा है, और इसमें उनके लोकसभा व कार्यक्रमों की तस्वीरें और वीडियो भी थे।

राज्य के मंत्री केदार कश्यप ने तंज कसते हुए कहा, "दीपक बैज बताएं, उनके फोन में कौन से रहस्य हैं जो कांग्रेस के लोग जानना चाहते हैं? चोरी के पीछे उनका शक भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव या किसी अन्य कांग्रेस नेता पर है?" बीजेपी प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने सोशल मीडिया पर लिखा, "सुनने में आया कि दीपक बैज का स्मार्टफोन उनके ही प्रदेश मुख्यालय में चोरी हो गया। चोर को पकड़ने की कोशिश की गई, लेकिन मुख्यालय में निगरानी कैमरे नहीं हैं। जब मुझे इसी मुख्यालय में बंद किया गया था, तब भी कैमरे नहीं थे। सवाल है कि कांग्रेस मुख्यालय में कैमरे क्यों नहीं? क्या छिपाने की कोशिश हो रही है?"

बैठक में एनएसयूआई की आगामी रणनीति, छात्र हितों, संगठनात्मक मजबूती और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। 7 जुलाई को रायपुर में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की "किसान-जवान-संविधान जनसभा" को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला स्तर से विश्वविद्यालय तक संगठन को सक्रिय करने और अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नेताओं ने छात्रों से संविधान बचाने की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाने और आगामी महीनों में छात्र आंदोलनों व विश्वविद्यालय परिसरों में सक्रियता बढ़ाने की रणनीति बनाई।

बैठक में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, कांग्रेस नेता एजाज ढेबर और एनएसयूआई के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल रहे।

## 'बाइक-बोट-स्कीम' से 2800 करोड़ की ठगी, सालाना 1 लाख कमीशन का लालच देकर फ्रॉड






| BIKE | INVEST. | RENT | EMI | ADD. BONUS | MONTHLY | ANNULA |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 62,100 | 4590 | 5175 | -- | 9765 | 117180 |
| 2 | 1,24200 | 9180 | 10350 | -- | 19530 | 2,34360 |
| 3 | 1,86300 | 13770 | 15525 | 4590 | 33885 | 406620 |
| 5 | 3,10500 | 22950 | 25875 | 9180 | 58005 | 695060 |
| 7 | 4,34700 | 32130 | 36225 | 13770 | 82125 | 985500 |
| 9 | 5,58900 | 41310 | 46575 | 18360 | 106245 | 1274940 |
| 11 | 6,83100 | 50490 | 56925 | 22950 | 130165 | 156380 |
| 13 | 8,07300 | 59670 | 67275 | 77540 | 154485 | 1853820 |
| 15 | 9,31500 | 68850 | 77625 | 32130 | 178005 | 2143260 |
| 21 | 13,04100 | 96390 | 108675 | 45900 | 250965 | 3011580 |
| 31 | 19,25100 | 142290 | 160425 | 68850 | 371565 | 4458780 |
| 41 | 25,46100 | 188190 | 212175 | 91800 | 492165 | 5905980 |
| 51 | 31,67100 | 234090 | 263925 | 114750 | 612765 | 7353180 |

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** देशभर में बहुचर्चित 'बाइक बोट स्कीम' ठगी केस की जांच में रायपुर पुलिस की भी एंट्री हो गई है। राजस्थान जेल में बंद 3 आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर रायपुर लाकर पूछताछ कर रही है। आरोपियों ने 2800 करोड़ से ज्यादा की रुपए की ठगी की है। पीड़ितों में रायपुर निवासी अखिल कुमार बिसोई भी शामिल है।

मिली जानकारी के मुताबिक 2019 में अखिल कुमार बिसोई ने रायपुर के सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया था कि वह भी ठगी का शिकार हुआ। उत्तर प्रदेश की कंपनी मेसर्स गर्वित इनोवेटिव प्रमोटर्स लिमिटेड के डायरेक्टर संजय भाटी, सचिन भाटी और अन्य लोगों ने मिलकर ठगी की है ।

बाइक बोट स्कीम के नाम से 62 हजार 100 रुपए जमा कराया। हर महीने 9 हजार 765 रुपए रिटर्न देने का प्रलोभन दिया। बाद में जब रिटर्न आना बंद हुआ, तो लोगों को ठगी का एहसास हुआ। इसी तरह करीब 1 लाख 50 हजार लोगों से कई राज्यों में ठगी की। इसमें श्रष्ठ ने कई आरोपियों की संपत्तियों को अटैच कर लिया है।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा के ग्राम चीती निवासी संजय भाटी ने 2010 में गर्वित इनोवेटिव प्रमोटर्स लिमिटेड नाम से कंपनी बनाई। 2018 में संजय ने बाइक बोट स्कीम लांच करते हुए बाइक टैक्सी की शुरुआत की। इसके तहत एक निवेशक से एक बाइक की कीमत करीब 62 हजार रुपए लिए गए।

उन्हें हर महीने 9765 रुपए लौटाने का वायदा किया गया। तकरीबन एक साल में निवेशकों को एक बाइक की कीमत वसूल हो गई। स्कीम अच्छी देख निवेशकों ने करोड़ों रुपए इस पौंजी स्कीम में लगा दिए। एक साल बाद कंपनी ने रुपए लौटाने बंद कर दिए।

कंपनी अपने निवेशकों के हजारों करोड़ लेकर फरार हो गई। इसके बाद धड़ाधड़ मुकदमे दर्ज होने शुरू हुए। दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, बुलंदशहर, मेरठ, मुजफ्फरनगर समेत देशभर में करीब 500 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हुए।

आरोपी की कंपनी में करीब 12,000 कर्मचारी थे। वह 10,000 से ज़्यादा बाइक टैक्सी चलाता था। आरोपी ने कई राज्यों में करीब 1,50,000 लोगों से धोखाधड़ी की है। नवंबर-दिसंबर 2018 में जब कंपनी ने किश्तें देनी बंद कर दीं, तो निवेशकों ने आगे आकर शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के खिलाफ उत्तरप्रदेश में 150, राजस्थान में 50, मध्यप्रदेश में 6, गुजरात, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, नागपुर महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश और अन्य राज्यों में केस दर्ज है। आरोपियों को राजस्थान पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद यह भरतपुर सेंट्रल जेल में बंद थे। अब आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर पुलिस रायपुर लेकर आई है। आरोपी संजय भाटी के खिलाफ धारा 138 एनआईए एक्ट के तहत हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तरप्रदेश में 1500 से अधिक केस दर्ज हैं। ये धारा चेक बाउंस से जुड़ी है।

# मनोज पिंगुआ बनाए जा सकते हैं चीफ सेक्रेटरी, राज्यपाल से मिले सीएम साय

### कैबिनेट बैठक से पहले मुलाकात पर अटकलें तेज




**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ की साय सरकार की कैबिनेट बैठक 30 जून को होने जा रही है। इससे पहले 29 जून की शाम को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अचानक राज्यपाल से मिलने पहुंच गए। सीएम और राज्यपाल की मुलाकात मुख्य सचिव अमिताभ जैन के रिटायरमेंट से एक दिन पहले हुई है।

कयास लगाए जा रहे हैं कि सीनियर आईएएस मनोज पिंगुआ छत्तीसगढ़ के नए चीफ सेक्रेटरी बनाए जा सकते हैं। इसके साथ ही नए मंत्रियों को भी कैबिनेट में शामिल करने पर विचार चल रहा है। राजनीतिक और प्रशासनिक कारणों से इस मुलाकात को देखा जा रहा है।

वहीं सीएम सचिवालय ने दोनों की तस्वीरें जारी कर आधिकारिक तौर पर बताया कि राजभवन में मुख्यमंत्री और राज्यपाल के बीच मुलाकात हुई। सीएम साय ने उन्हें शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर राज्य हित से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई।

प्रदेश के 1994 बैच के सीनियर आईएएस अफसरों में से एक मनोज पिंगुआ को मुख्य सचिव बनाए जाने की सहमति बनती दिख रही है। सूत्रों की माने तो उनके नाम का ऐलान हो सकता है। चर्चा ये भी है कि इस डेवलपमेंट की जानकारी मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को दी होगी।

मनोज पिंगुआ हाल ही में दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय के कुछ अफसरों से मिलने पहुंचे थे। इसके बाद से अब यह बात तय मानी जा रही है कि पिंगुआ मुख्य सचिव बनाए जा सकते हैं।

वो साफ-सुथरी छवि के सा?थ बहुत ही शांत प्रशा?सनिक अधिकारी माने जाते हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय की पहली पसंद भी हैं। वर्तमान में मनोज कुमार पिंगुआ गृह,जेल, विभाग के अपर मुख्य सचिव हैं। मनोज पिंगुआ वर्तमान में छत्तीसगढ़ आईएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं।

मनोज पिंगुआ लंबे समय से गृह और जेल विभाग के प्रमुख सचिव रहें। वे व्यावसायिक परीक्षा मंडल और माध्यमिक शिक्षा मंडल के अध्यक्ष भी रहे हैं। मनोज पिंगुआ विभिन्न जिलों में कलेक्टर रहे। जांजगीर-चांपा जिला निर्माण के बाद वे दूसरे कलेक्टर बने।

जिले के पहले कलेक्टर डॉक्टर वीएस निरंजन 31 अक्टूबर सन 2000 को मध्यप्रदेश चले गए थे। उसके बाद मनोज पिंगुआ जांजगीर-चांपा जिले के दूसरे कलेक्टर बने। वे धमतरी और सरगुजा कलेक्टर भी रहें।2014 में मनोज पिंगुआ केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए थे।

प्रतिनियुक्ति पर जाने से पहले पिंगुआ छत्तीसगढ़ में आदिम जाति विकास और सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव का पदभार संभाल रहे थे। उन्हें केंद्र में केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर प्रतिनियुक्ति मिली थी। 2016 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आने के बाद उन्होंने कई विभाग सम्हालें।

मुख्य सचिव बनाए जाने में दूसरा सबसे बड़ा नाम सुब्रत साहू का सामने आ रहा है। सुब्रत साहू छत्तीसगढ़ कैडर के 1992 बैच के आईएएस है। एक सर्वे ने सुब्रत साहू को देश के 50 प्रभावशाली आईएएस में शामिल किया था। मुख्य सचिव बनाए जाने में दूसरे नंबर पर चॉइस सुब्रत हैं।

वर्तमान में राज्य सरकार की महत्वपूर्ण रामलला तीर्थ दर्शन योजना में महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रहे हैं। वो इस वक्त धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव हैं।

**ये अधिकारी भी रहे चर्चे में:** सुबोध सिंह- सेन्ट्रल डेपुटेशन से छत्तीसगढ़ लौटे आईएएस सुबोध सिंह को मुख्यमंत्री सचिवालय में प्रमुख सचिव बनाया गया। वो सीएम के साथ सरकार चलाने में अहम रोल अदा करते हैं। रेणु पिल्ले- 1991 बैच की आईएएस हैं। वर्तमान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की एसीएस हैं। व्यापमं और छत्तीसगढ़ शिक्षा बोर्ड की अध्यक्ष हैं। ऋचा शर्मा- 1994 बैच की आईएएस हैं। फारेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज की एसीएस हैं। निधि छिब्बर- 1994 बैच की आईएएस। केंद्र में फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री की सचिव है। विकासशील- 1994 बैच के आईएएस। एशियाई विकास बैंक के कार्यकारी निदेशक हैं।

**स्थायी डीजीपी भी नियुक्त होना है:** आईपीएस अरुण देव गौतम वर्तमान में अस्थायी डीजीपी हैं। प्रदेश में स्थायी डीजीपी को नियुक्त किया जाना है। गौतम राजनेताओं और अधीनस्थ अफसरों की पसंद है। प्रशासनिक पकड़ मजबूत है। डीजीपी चार्ज संभालने के बाद अब तक कन्ट्रोवर्सी में नहीं फंसे हैं। वहीं प्रदेश में रिकॉर्ड रहा है, जो अस्थायी प्रभारी रहा है, उसे ही स्थायी पद मिला है। इन सब बातों को ध्यान में रखकर प्रबल दावेदार बताए जा रहे हैं।

# धर्मांतरण पर बवाल...चिली स्प्रे छिड़ककर सभा से भागे लोग

### घर के अंदर बच्चे-बुजुर्ग-महिलाओं का कराया जा रहा था धर्म-परिवर्तन



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण कराया जा रहा था। हिंदू जागरण मंच को भनक लगते ही कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। इस दौरान कुछ लोग हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं पर चिली स्प्रे छिड़ककर भाग गए। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक टिकरापारा के एक घर में पुरुषों, महिलाओं और नाबालिग बच्चों को बुलाकर धर्मांतरण कराया जा रहा था। हिंदू जागरण मंच के लोगों की भीड़ को देखकर बाहर से आए कुछ लोग भाग निकले।

दरअसल, 29 जून रविवार को हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं को टिकरापारा के एक घर में धर्मांतरण होने की जानकारी मिली। इस दौरान प्रार्थना सभा वाले घर में कार्यकर्ता घुसे। घर के अंदर घुसते ही उनपर चिली स्प्रे छिड़क दिया गया, जिससे उनकी आंखों में जल होने लगी।

इस दौरान कार्यकर्ता आंख मींजते हुए अंदर गए और धर्मांतरण बंद करो के नारे लगाए। हालांकि तब तक प्रार्थना सभा मौजूद लोग मौके से भाग गए थे। इस दौरान बड़ी संख्या में सभी कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया।

हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता डाकेश साहू ने बताया कि घर के अंदर 60-70 लोग मौजूद थे। टिकरापारा में 5-6 स्थानों पर अवैध धर्मांतरण की सूचना मिली थी। एक घर में हंगामे के बाद वे लोग बाकी घरों में भी गए, जहां प्रार्थना सभा चल रही थी। कार्रवाई नहीं होने पर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की गई।

वहीं सूचना मिलते ही पुलिस की टीम और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। हिंदू जागरण मंच ने तहसीलदार से अवैध चर्चों पर कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि जिन चर्चों को शासन से मान्यता प्राप्त नहीं है, उन्हें तुरंत बंद कराया जाए। संगठन ने धर्मांतरण और मतांतरण के विरोध में आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

तहसीलदार सूरज बंछोर ने बताया कि हिंदू संगठनों को सूचना मिली थी कि टिकरापारा के सामने एक घर में अवैध रूप से प्रार्थना सभा की जा रही है। पुलिस की टीम भी वहां पहुंची थी। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रीवा/सतना की खबरें

### पॉच हजार श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भगवान जगन्नाथ के भंडारा प्रसाद





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ऐतिहासिक भगवान श्री जगन्नाथ जी की यात्रा का इस वर्ष भी रात्रि विश्राम मानस भवन में हुआ जिनकी अगवानी गाजे-बाजे बधाई गीतो से सैकड़ो श्रृद्धालुओ और मानस मंडल के पदाधिकारियों द्वारा पूजन-अर्चन एवं आरती के साथ करके ससम्मान उनको आसन ग्रहण कराया। देर रात तक जगन्नाथ जी के दर्शनो के लिये भक्तों का तॉता लगा रहा। यह जानकारी मानस मंडल के मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य एवं प्रवक्ता नारायण डिगवानी ने दी। श्री डिगवानी ने बताया कि द्वितीय दिवस सुबह से ही भगवान के दर्शनो के लिये नगर वासियों का आगमन होने से काफी भीड़भाड़ हो गई और मेले जैसे माहौल बनगया मानस मंडल के पदाधिकारियों ने सभी लोगो को पंक्तिबद्ध कराके दर्शन कराये जिससे समूचा आयोजन व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। कलाकारो द्वारा सुबह से ही बधाई गीतों पर श्रद्धांलुओं को जयकारा लगाकर भक्तिरस में डुबकी लगाने के कई अवसर प्रदान किये गये। इस अवसर पर स्वामी राघवाचार्य, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला सहित सैकड़ो गणमान्य अतिथियों ने पधार कर दर्शन लाभ लिया। आयोजन की सफलता के लिये मानस मंडल के अध्यक्ष सुभाषबाबू पांडे ने समस्त अतिथियों, भंडारे में सहयोग करने वाले दानदाताओं, सहयोगियों के साथ सहयोग करने वाली संस्थाओं के साथ हिन्दू धर्म परिषद का कोटि-कोटि धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया है। इस अवसर पर पॉच हजार से भी ज्यादा श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ जी के भंडारे में बनाये गये अटका प्रसाद एवं मालपुओं को श्रद्धा के साथ ग्रहण किया। जो देर शाम तक चलता रहा। शाम को श्री जगन्नाथ जी यात्रा को पुनः आरती के साथ श्रद्धा पूर्वक पुनः पधारने का वादा लेकर विदा किया गया।

### सीधी में शिक्षक ने रद्दी बताकर 10 रुपए प्रति किलो बेची किताबें



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले में सेमरिया सीएम राइस स्कूल के एक शिक्षक को बच्चों की किताबें कबाड़ी को बेचते हुए पकड़ा गया है। यह घटना रविवार दोपहर 3.30 बजे की है। दरअसल, ग्रामीणों ने एक ऑटो में बोरी भरकर ले जाई जा रही किताबें देखीं। जांच में पता चला कि स्कूल के शिक्षक चंद्र प्रकाश मिश्रा 100 से अधिक किताबें कबाड़ी कालू बंसल को बेच रहे थे। कबाड़ी ने बताया कि टीचर ने किताबों को रद्दी बताकर 10 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बेचा। प्रभारी प्राचार्य अनिल मिश्रा ने पहले इन्हें प्रोजेक्ट वर्क बताया। लेकिन वीडियो में साफ तौर से किताबें दिखाई दीं। इसके बाद उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जाएगी।समाजसेवी प्रभात वर्मा ने कहा कि यह पहली घटना नहीं है। पहले भी बच्चों की किताबें कबाड़ में बेची जाती रही हैं। नियम के मुताबिक अनुपयोगी किताबें शासन को लौटाई जानी चाहिए। इससे बच्चों को बाजार से महंगी किताबें खरीदनी पड़ती हैं।थाना प्रभारी केदार परौहा ने बताया कि किताबों से भरी गाड़ी को थाने में जब्त कर रखा गया है। तहसीलदार मामले की जांच कर रहे हैं। दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सीधी में नहर में उतराती मिली अज्ञात लाश, शिनाख्त नहीं



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले की बाणसागर नहर में मिली लाश को आखिरकार 3 किलोमीटर दूर रघुनाथपुर गांव से बरामद कर लिया है। समाजसेवी तेज बहादुर सिंह ने नहर की पानी में कूद कर उस लाश को बाहर निकाला। हालांकि अभी उस लाश की पहचान नहीं हो पाई है। मामला रामपुर नैंकिन थाना क्षेत्र के बघवार गांव का है। पुलिस जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रामपुर नैंकिन थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी ने बताया कि बघवार से सिहावल की ओर जाने वाली इस नहर में बरसात के कारण तेज बहाव है। अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। आसपास के थानों में अज्ञात शव की सूचना भेजी गई है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर किसी के परिवार का कोई सदस्य लापता है, तो वे थाने में संपर्क करें।

# अहमदाबाद विमान हादसे में साजिश का एंगल जांचेगी सरकार

नई दिल्ली। अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है, जिसमें साजिश (सबोटाज) की संभावना को भी खंगाला जा रहा है। यह जानकारी केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने दी है। उन्होंने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो इस मामले की पूरी जांच कर रहा है। ब्लैक बॉक्स भारत में है, उसे विदेश नहीं भेजा जाएगा। केंद्रीय मंत्री मोहोल पुणे में एनडीटीवी के कार्यक्रम एमर्जिंग बिजनेस कॉन्क्लेव में बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण हादसा था। एएआईबी इसकी हर एंगल से जांच कर रहा है। सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं और कई एजेंसियां मिलकर जांच में जुटी हैं। अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है।

# हरियाणा में पुरानी गाड़ियों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

फरीदाबाद। हरियाणा के 3 जिलों में 10 साल से पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों पर सख्ती शुरू होने जा रही है। हालांकि इन तीनों जिलों में यह सख्ती 4 माह बाद यानी 1 नवंबर से लागू होगी, लेकिन दिल्ली में इसे 1 जुलाई से शुरू कर दिया जाएगा। सबसे पहला कदम होगा कि इन वाहनों को किसी भी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा। इसके लिए सभी पेट्रोल पंपों पर विशेष ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रीडर कैमरे लगाए जाएंगे। दूसरी सख्ती के रूप में वाहन चालकों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। एनसीआर क्षेत्र में यह जुर्माना कितना होगा, इसका अभी खुलासा नहीं किया गया है। मगर, दिल्ली में 4 पहिया वाहनों पर 10 हजार और दोपहिया वाहनों पर 5 हजार जुर्माना निर्धारित किया गया। केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग यानी कमीशन ऑफ एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने यह आदेश हर रोज बढ़ते पॉल्यूशन को कंट्रोल करने के लिए जारी किए हैं।

एनजीटी ने 7 अप्रैल 2015 को निर्देश दिया था कि पुराने वाहनों को एनसीआर में चलने की अनुमति नहीं दी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने भी 29 अक्टूबर 2018 के अपने आदेश में कहा था कि ऐसे एंड ऑफ लाइफ (ईओएल) वाहन में नहीं चलेंगे। इसके बाद ये प्रक्रिया बेहद धीमी गति से चलती आ रही है। मगर, अब केंद्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की तरफ से जारी आदेश में हरियाणा के तीन जिले फरीदाबाद, गुरुग्राम और सोनीपत को प्रथम चरण में कवर किया जाएगा। फरीदाबाद में ही 105 पेट्रोल पंपों संचालित हो रहे हैं। इन वाहनों को पेट्रोल-डीजल न मिले, इसे लेकर सभी पर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रीडर कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरे लगाने की डेडलाइन 31 अक्टूबर रखी गई है।

# मन की बात का 123वां एपिसोड-पीएम बोले- इमरजेंसी में लोगों को प्रताड़ित किया गया; योग की भव्यता बढ़ती जा रही

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पीएम नरेंद्र मोदी ने आज रेडियो शो मन की बात के 123वें एपिसोड के तहत देश को संबोधित किया। एपिसोड की शुरुआत में उन्होंने योग दिवस के बारे में बात की। उन्होंने कहा- 21 जून को देश-दुनिया के करोड़ों लोगों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा लिया। योग की भव्यता बढ़ती जा रही, लोग दैनिक जीवन में इसे अपना रहे। पीएम ने कहा- इस बार हमने योग दिवस की आकर्षक तस्वीरें देखीं। विशाखापत्तनम में 3 लाख लोगों ने एक साथ योग किया। हमारे नौसेना ने जहाजों पर और जम्मू में लोगों ने दुनिया के सबसे ऊंचे ब्रिज पर योग किया। वडनगर में 2100 लोगों ने एक साथ भुजंगासन करके रिकॉर्ड बना दिया। पीएम ने आगे कहा- इमरजेंसी के दौर में लोगों को प्रताड़ित किया गया। अनेक लोगों को कठोर यातनाएं दी गई। मीसा के तहत किसी को भी ऐसे ही गिरफ्तार कर लिया जाता था। उन पर ऐसे ही अमानवीय अत्याचार किए गए। आखिर में जनता की जीत हुई और आपातकाल हटा लिया गया। जनता की जीत हुई और आपातकाल लगाने वालों की हार हुई।

भारत ट्रेकोमा मुक्त हुआ- मैं आपको दो ऐसी उपलब्धियों के बारे में बताना चाहता हूं जो आपको गर्व से भर देंगी। पहली उपलब्धि स्वास्थ्य से जुड़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्रेकोमा मुक्त घोषित कर दिया है। यह सफलता हमारे स्वास्थ्य कर्मियों की है। आज जब हर घर नल से जल पहुंच रहा है तो ऐसी बीमारियों का खतरा कम हुआ है।

95 करोड़ लोग सरकारी योजनाओं के लाभार्थी- इंटरनेशनल लेबल ऑर्गनाइजेशन की रिपोर्ट आई है। इसमें सामने आया है कि देश के 95 करोड़ लोग किसी न किसी सरकारी योजना



का लाभ उठा रहे हैं। इन सफलताओं ने एक विश्वास दिलाया है कि आने वाले समय में भारत और सशक्त होगा। साथियों, जनभागीदारी से देश और आगे बढ़ रहा है।

कैलाश श्रद्धा का केंद्र- धार्मिक यात्राएं सेवा के अवसर का महाअनुष्ठान होती है। जितने लोग यात्रा में जाते हैं उससे ज्यादा लोग उनकी सेवा में जुट जाते हैं। लंबे समय के बाद कैलाश मानसरोवर की यात्रा शुरू हुई है। हिंदू, बौद्ध, जैन सभा परंपरा में कैलाश को श्रद्धा का केंद्र माना गया है। मेघालय के एरी सिल्क को लद्ध टैग मिला- मन की बात में देश के यूनीक प्रोडक्ट की बात करते हैं। कुछ दिन पहले मेघालय का एरी सिल्क को जीआई टैग मिला है। इस सिल्क की कई ऐसी खूबियां जो इसे अन्य फैब्रिक से अलग बनाती है। इसे बनाने के लिए प्रयोग होने वाले रेशम के कीड़ों को मारा नहीं जाता है। इसकी खूबी है कि यह सर्दियों में गर्मी और गर्मियों में ठंडक देता है।

# बारिश से उत्तराखंड-हिमाचल में तबाही

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मानसून पूरे देश को कवर कर चुका है। पिछले एक हफ्त से लगातार बारिश की वजह से कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। उत्तराखंड और हिमाचल में बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। भारी बारिश और खराब मौसम की वजह से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा अगले 24 घंटे के लिए रोक दी गई है। ओडिशा के मयूरभंज जिले में भारी बारिश के चलते जमुआ घाट पुल टूट गया। वहीं, भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र ने आज केरल के तटीय इलाकों में 2 से 3 मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका जताई है।

# कल्याण बनर्जी बोले-महुआ ने शादी करके एक परिवार तोड़ा

**नई दिल्ली/कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता गैंगरेप पर बयान के बाद तृणमूल के राज्यसभा सांसद कल्याण बनर्जी और लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा के बीच विवाद शुरू हो गया है। कल्याण बनर्जी ने कोलकाता रेप पर कहा था कि दोस्त ही ऐसा करे तो क्या करें। इस बयान को महुआ ने घृणित बताया था। बनर्जी ने महुआ मोइत्रा और टीएमसी नेता पिनाकी मिश्रा की शादी का जिक्र किया। उन्होंने रविवार को कहा, महुआ मुझे महिला विरोधी बता रही हैं। उन्होंने क्या किया? एक 65 साल के आदमी से शादी की, उसका 40 साल पुराना परिवार



तोड़ा। शादी के बाद हनीमून से लौटीं और मुझसे लड़ने लगीं। बनर्जी ने कोलकाता रेप पर 27 जून को कहा था- अगर कोई दोस्त अपने दोस्त का बलात्कार करे तो कोई कैसे बच सकता है। इसके बाद टीएमसी विधायक मदन मित्रा ने कहा था कि अगर वो लड़की वहां नहीं जाती तो यह घटना नहीं होती। बनर्जी और मदन मित्रा के बयानों से टीएमसी ने किनारा कर लिया है। 28 मई को मोइना ने टीएमसी के ऑफिशियल एक्स अकाउंट की पोस्ट को री-पोस्ट करते हुए लिखा था- हम इन घृणित टिप्पणियों की निंदा करते हैं, चाहे वो कोई भी करे।

# प्रयागराज में चंद्रशेखर नजरबंद, 5 हजार समर्थकों ने किया बवाल

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** प्रयागराज के करछना में चंद्रशेखर आजाद के समर्थकों ने जमकर उपद्रव किया। न सिर्फ पुलिस और पब्लिक की गाड़ियां तोड़ीं, बल्कि ईंट-पत्थर चलाकर आम लोगों को भी घायल कर दिया। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद को रविवार को प्रयागराज में हाउस अरेस्ट कर लिया गया। वह कौशांबी और करछना में हाल में हुई घटनाओं के पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने जा रहे थे। फिर वह अपने समर्थकों के साथ सर्किट हाउस में ही धरने पर बैठ गए।वहीं, हाउस अरेस्ट के विरोध में चंद्रशेखर के 5000 समर्थकों ने करछना इलाके में सड़क पर जमकर हंगामा किया। पुलिस की गाड़ियां तोड़ दीं और बसों पर पथराव कर दिया। पुलिस की 8 और बसों समेत 7 प्राइवेट गाड़ियों में तोड़फोड़ की। भडेवरा बाजार में पुलिस और आम नागरिकों पर ईंट-पत्थर बरसाए। इससे मची भगदड़ में कई महिलाएं और बच्चों समेत 15 लोग जख्मी हो गए। कई दुकानों पर पथराव कर शीशे तोड़े गए। दुकानदारों ने कहा कि सवर्ण समाज की दुकानों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने लाठी भांजकर भीड़ को खदेड़ने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता मानने को तैयार नहीं थे।

# केजरीवाल बोले-मोदी की गारंटी झूठी और नकली

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** आम आदमी पार्टी ने रविवार को दिल्ली में झुग्गियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा- मोदी की गारंटी झूठी, फर्जी और नकली है। आगे कभी जिंदगी में मोदी की गारंटी पर भरोसा मत करना। केजरीवाल ने कहा- चुनाव के समय मोदी जी ने आपको गारंटी दी थी- जहां झुग्गी-वहां मकान। उनका मतलब था- जहां झुग्गी-वहां मैदान। वो ये कहना चाहते थे मुझे



वोट दे दो, मैं सारी झुग्गियां तोड़ दूंगा और मैदान बना दूंगा। भाजपा का प्लान झुग्गियों का तोड़ना- भाजपा का प्लान दिल्ली की सभी झुग्गियां तोड़ने का है। इनकी गंदी नजर आपके घरों पर टिकी हुई है। दिल्ली में 40 लाख से ज्यादा झुग्गीवाले हैं, यह सभी इकट्ठे होकर सड़कों पर आकर आंदोलन करेंगे। मैं भाजपा को चेतावनी देना चाहता हूं कि सुधर जाओ, झुग्गियां तोड़ना बंद करो। अगर झुग्गियां तोड़ना बंद नहीं किया तो तुम्हारा सिंहासन डोलने में वक्त नहीं लगेगा। भाजपा एक साल में सभी झुग्गियां तोड़ देगी- चुनाव से पहले मैंने दिल्ली के गरीबों और झुग्गीवालों के लिए वीडियो जारी करके कहा था कि अगर भाजपा की सरकार आ गई तो यह एक साल में ही झुग्गियां तोड़ देंगे।

# महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी अनिवार्य का फैसला रद्द

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र सरकार ने रविवार को तीन भाषा नीति से जुड़े अपने दो आदेश (त्रक्र) रद्द कर दिए। सरकार के इस आदेश के खिलाफ विपक्ष लगातार विरोध कर रहा था। इसके तहत सरकार ने इसी साल अप्रैल में कक्षा 1 से 5वीं तक तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी को अनिवार्य करने का आदेश जारी किया था। सीएम देवेंद्र फडणवीस और दोनों डिप्टी सीएम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। ष्टरू ने कहा- तीन भाषा नीति को लेकर शिक्षाविद नरेंद्र जाधव की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है। इसके रिपोर्ट के बाद ही हिंदी की भूमिका पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। फडणवीस ने पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे पर आरोप लगाते हुए कहा- सीएम रहते उद्धव ठाकरे ने कक्षा 1 से 12 तक तीन भाषा नीति शुरू करने के लिए डॉ. रघुनाथ माशेलकर समिति की सिफारिशों को स्वीकारा था। साथ ही नीति लागू करने पर समिति गठित की थी। 30 जून से महाराष्ट्र में विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हो रहा है। इससे एक दिन पहले ये घोषणा की गई है। इधर, हिंदी भाषा विवाद को लेकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने 5 जुलाई को मुंबई में संयुक्त रैली निकालने की बात भी कही थी।

# कोलकाता गैंगरेप- सीसीटीवी फुटेज से पुष्टि हुई

**कोलकाता ( एजेंसी )।** कोलकाता की लॉ छात्रा से गैंगरेप मामले में सीसीटीवी फुटेज से गैंगरेप की पुष्टि हुई है। कॉलेज के सीसीटीवी में 25 जून की दोपहर 3ः30 बजे से रात 10ः50 बजे तक करीब 7 घंटे की फुटेज हैं। एक जांच अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी में पीड़ित छात्रा को गार्ड के कमरे में जबर्दस्ती ले जाने की घटना कैद हुई है। इससे छात्रा की लिखित शिकायत में लगाए गए आरोपों की पुष्टि होती है। वहीं, जिस गार्ड के कमरे में रेप हुआ था, शनिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में अब तक कुल चार गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इसके अलावा मामले में शुक्रवार को गठित स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम में आज मेंबर्स की संख्या पांच से बढ़ाकर नौ कर दी गई। असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस प्रदीप कुमार घोषाल इसे लीड कर रहे हैं। घटना 25 जून को कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर के गार्ड रूम में हुई थी। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा (31) है। घटना में जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) भी शामिल हैं। मनोजीत कॉलेज का पूर्व छात्र है, जबकि जैब और प्रमित कॉलेज के छात्र हैं। मेडिकल रिपोर्ट में भी पीड़ित से रेप की पुष्टि हुई पीड़ित छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट में शनिवार को रेप की पुष्टि हुई। मेडिकल जांच कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में की गई थी।

# शिलॉन्ग पुलिस ने शिलोम के ससुराल से बैग किया जब्त

**इंदौर/रतलाम।** ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड की जांच में जुटी शिलॉन्ग एसआईटी की टीम ने ब्रोकर-कॉन्ट्रैक्टर शिलोम जेम्स के रतलाम स्थित ससुराल में तलाशी ली। शिलोम के साथ उसकी पत्नी और साली भी मौजूद थी। टीम ने यहां से एक बैग जब्त किया है। इसमें लैपटॉप होना बताया जा रहा है। शिलॉन्ग पुलिस दो कारों से रविवार दोपहर 3 बजे मंगलमूर्ति




कॉलोनी में पहुंची थी। यहां जेम्स का ससुराल है। मकान म्यूचल फंड का काम करने वाले उसके ससुर मनोज गुप्ता का है।पिछले 10 से 15 दिन से इस घर पर ताला लगा हुआ था।

# जनगणना 2027- पहला फेज 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जाति गणना के साथ भारत की 16वीं जनगणना 2027 में की जाएगी। जनगणना लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में 1 अक्टूबर 2026 को और 2027 को देश के बाकी हिस्सों में होगी। जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण यानी हाउसलिस्टिंग ऑपरेशन में हर घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं की जानकारी इकट्ठा की जाएगी। केंद्र



सरकार ने सभी विभागों को 31 दिसंबर 2025 से पहले नगर निगमों, राजस्व गांवों, तहसीलों, उप-विभागों या जिलों की सीमाओं में कोई भी प्रस्तावित बदलाव करने का निर्देश जारी किया गया है। यह अब तक की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद 8वीं जनगणना है। यह जनगणना 16 साल बाद की जाएगी, क्योंकि पिछली जनगणना 2011 में की गई थी। भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा कि 1 अप्रैल 2026 से मकानों की लिस्टिंग, सुपरवाइजर्स और गणना कर्मचारियों की नियुक्ति, काम का बंटवारा किया जाएगा।

# एक्टर दिलजीत के समर्थन में उतरे कांग्रेस नेता रंधावा

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के साथ काम को लेकर विवादों में घिरे पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ के समर्थन में अब कांग्रेस भी उतर आई है। पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व डिप्टी सीएम और गुरदासपुर से सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने दिलजीत के पक्ष में बयान दिया है। उन्होंने कहा, यह हेट गैंग दिलजीत के दिल से देश के प्रति मोहब्बत और देशवासियों के दिलों में



दिलजीत के लिए इज्जत कभी खत्म नहीं कर पाएगी। बता दें कि इससे पहले बीजेपी भी दिलजीत के समर्थन में आ चुकी है।

# कोरोना के नए वैरिएंट से एक महीने में 135 मौतें

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या बीते 2 हफ्तों से कम हो रही है। बीते 24 घंटे में 30 नए केस सामने आए, जबकि 252 मरीज ठीक हुए हैं। एक्टिव केसों की संख्या घटकर 2086 पहुंच गई है। 12 जून को देशभर में 7131 एक्टिव केस थे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कोरोना के नए वैरिएंट से जनवरी 2025 से अब तक 142 की मौत हुई है। बीते दिन 3 लोगों ने जान गंवाई है, इनमें दिल्ली के 2 और हरियाणा का एक मरीज शामिल हैं। बीते एक महीने में करीब 135 मौतें हुई हैं। भारत में बढ़ रहे सिंगापुर के निम्बस




वैरिएंट के केस (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी) के डायरेक्टर डॉ. नवीन कुमार कहा- सिंगापुर में फैल रहे निम्बस वैरिएंट के केस भारत में भी सामने आ रहे हैं।

# पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के बाद भगदड़, 3 की मौत

**भुवनेश्वर ( एजेंसी )।** ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के बाद रविवार तड़के करीब 4 बजे भगदड़ मच गई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 घायल हो गए। घायलों में 6 की हालत गंभीर है। हादसा जगन्नाथ मंदिर से करीब 3 किमी दूर गुंडिचा मंदिर के सामने हुआ। यहां भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष रथ के दर्शन करने के लिए भारी भीड़ जुटी थी, इसी दौरान भगदड़ मची। सीएम मोहन चरण माझी ने घटना पर माफी मांगी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैं और मेरी



सरकार भगवान जगन्नाथ के सभी भक्तों से व्यक्तिगत रूप से क्षमा मांगते हैं। यह लापरवाही माफ करने लायक नहीं है।' इसके बाद राज्य सरकार ने पुरी के कलेक्टर और एसपी का तबादला कर दिया। चंचल राणा को नया कलेक्टर और पिनाक मिश्रा को नया एसपी बनाया गया है। साथ ही डीसीपी और कमांडेंट को निलंबित कर दिया गया है। पुरी की रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथों को उनकी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर के सामने 9 दिन के लिए खड़ा कर दिया जाता है।

# डब्ल्यूटीसी में 10 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले पहले खिलाड़ी ट्रेविस हेड



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बारबाडोस में खेले गए पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। मैच में तेज गेंदबाजों का दबदबा रहा और दोनों टीमों की पहली पारियां 200 रन से कम पर सिमट गईं। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 180 रन बनाए, जिसमें वेस्टइंडीज के जेडन सील्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट चटकाए। हालांकि वेस्टइंडीज की टीम इसका फायदा नहीं उठा सकी और 190 रन पर ऑलआउट होकर सिर्फ 10 रन की मामूली बढ़त हासिल कर पाई। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने शानदार वापसी करते हुए 310 रन बनाए। इसमें ट्रेविस हेड, वेबस्टर और एलेक्स कैरी की अर्धशतकीय पारियां अहम रहीं। इस पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 301 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम लड़खड़ा गई और सिर्फ 141 रन पर ढेर हो गई। इस जीत में ट्रेविस हेड का योगदान निर्णायक रहा। उन्होंने दोनों पारियों में अर्धशतक लगाए और अपनी पारी से मैच का रुख बदल दिया। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इसके साथ ही उन्होंने एक बड़ी उपलब्धि भी हासिल की। ट्रेविस हेड विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में 10 मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन लगातार शानदार रहा है और वह ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में चौथे स्थान पर हैं। उनसे आगे स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन और उस्मान ख्वाजा हैं। हेड ने अब तक 50 टेस्ट में 3199 रन बनाए हैं, जिसमें आठ शतक और 15 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में 401 चौके लगाकर इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा चौके लगाने के मामले में जो रूट, स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के बाद चौथा स्थान हासिल कर लिया है। जो रूट ने 119 पारियों में 576 चौके, स्मिथ ने 476 और लाबुशेन ने 443 चौके लगाए हैं, जबकि हेड ने 83 पारियों में यह उपलब्धि पाई है। इस जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया आत्मविश्वास से भरी नजर आ रही है और सीरीज में अपनी बढ़त को मजबूत करने के इरादे से अगले मुकाबले में उतरेगी।

## स्टीव स्मिथ जल्द वापसी कर सकते है - पैट कमिंस



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज को पहले टेस्ट मैच में 159 रनों से हराकर सीरीज में बढ़त बना ली। हालांकि, स्कोरलाइन से अलग मैच में वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी, लेकिन कमजोर बल्लेबाजी के चलते उन्हें हार झेलनी पड़ी। खास बात यह रही कि ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मुकाबले में अपने दो प्रमुख बल्लेबाजों स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के बिना उतरी। स्मिथ चोटिल होने के कारण बाहर रहे जबकि लाबुशेन को लगातार खराब फॉर्म की वजह से टीम से ड्रॉप किया गया। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने बताया कि स्मिथ अपनी चोट से उबरने की प्रक्रिया में हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में स्लिप में कैच लेते समय चोट लगी थी। कमिंस के मुताबिक स्मिथ ने न्यूयॉर्क में हल्की प्रैक्टिस भी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, उन्होंने न्यूयॉर्क में कुछ ओवर खेले हैं, शायद टेनिस बॉल से ही सही। घाव अब ठीक लग रहा है। अगला स्टेज यहां आकर नेट्स में गेंदें खेलना है। हम आने वाले दिनों में देखेंगे कि वह कब तक पूरी तरह फिट हो पाते हैं। स्मिथ की कोशिश 3 जुलाई से ग्रेनेडा में होने वाले दूसरे टेस्ट तक फिट होकर लौटने की है। पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को उनकी गैरमौजूदगी काफी खली। पहली पारी में टीम ने 22 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे, जबकि दूसरी पारी में 65 तक चार विकेट गिर गए। यह 2018 के बाद पहली बार था जब ऑस्ट्रेलिया की टीम स्मिथ और लाबुशेन दोनों के बिना उतरी। लाबुशेन की जगह मिले मौके में युवा सैम कोटास प्रभावित नहीं कर सके। उन्होंने पहली पारी में तीन और दूसरी में सिर्फ पांच रन बनाए और दोनों पारियों में शमार जोसेफ का शिकार बने। जोश इंग्लिश भी खास योगदान नहीं दे सके और कुल 17 रन ही बना पाए। इसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने गेंदबाजों के दम पर जीत दर्ज की। कमिंस ने यह भी माना कि बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत है और स्मिथ की वापसी से टीम को संतुलन मिलेगा। वेस्टइंडीज की ओर से गेंदबाजों ने अच्छा संघर्ष किया लेकिन बल्लेबाज दबाव नहीं झेल सके और पूरी टीम दोनों पारियों में लड़खड़ा गई। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली और अब उनकी नजरें दूसरे टेस्ट में क्लीन स्वीप पर हैं।

# सैमी पर आईसीसी ने 15 फीसदी जुर्माना लगाया



**दुबई ( एजेंसी )।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कोच डैरन सैमी को टीवी अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक की सार्वजनिक रूप से आलोचना करना महंगा पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सैमी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान टीवी अंपायर की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने का दोषी पाते हुए उनपर मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना लगाया है। सैमी ने मैच के दूसरे दिन डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) के फैसलों पर सवाल उठाये थे। सैमी ने मैच के बाद मीडिया से बात करते हुए तीसरे अंपायर के फैसले पर सवाल उठाए थे, इसी कारण से उन पर यह जुर्माना लगाया गया है। इस मैच में वेस्टइंडीज को हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में अंपायर पर एक नहीं पांच-पांच गलत फैसले देने के आरोप लगे। इसमें से चार वेस्टइंडीज के खिलाफ गये जिससे उसकी परेशानी बढ़ गयी। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड को डीआरएस के बाद नॉट आउट दिया गया। वहीं वेस्टइंडीज के शाई हॉप के आउट होने पर भी सवाल उठे। सैमी ने रोस्टन चेज और ऑस्ट्रेलिया के कैमरून ग्रीन से जुड़े एलबीडब्ल्यू की गलतियों के बारे में भी बताया। सैमी ने कहा था, जो तस्वीरें हम देख रहे हैं, उससे लगता है कि दोनों टीमों के लिए फैसले निष्पक्ष नहीं हैं। मैं इस में स्पष्टता चाहता हूं। सैमी ने मैच अधिकारी के खिलाफ बयान देने के चलते ही आईसीसी ने उन्हें आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया है।इससे पहले वेस्टइंडीज की टीम के तेज गेंदबाज जेडन सील्स पर भी विरोधी टीम के कप्तान पैट कमिंस से खराब व्यवहार के लिए मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना लगा था। पहला टेस्ट हारने से तीन मैच की सीरीज में वेस्टइंडीज 0-1 से पीछे है।

## चैड गेबल को कंधे पर गंभीर चोट, जुलाई में होगी सर्जरी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार चैड गेबल को जुलाई के पहले हफ्ते में सर्जरी करानी पड़ेगी। मंडे नाइट रॉ के ताजा एपिसोड में पेंटा के साथ मुकाबले में उन्हें कंधे में गंभीर चोट लगी। मैच के दौरान पेंटा ने गेबल पर आर्मबार सबमिशन मूव लगाया, जिससे गेबल दर्द से चिल्लाते दिखे। बताया जा रहा है कि इस चोटिल एंगल को जानबूझकर बुना गया ताकि गेबल को पहले से लगी चोट की वजह से टीवी से हटाया जा सके। दरअसल, मंडे नाइट रॉ में ब्रॉन ब्रेकर से हारने के बाद गेबल ने पेंटा को भड़काते हुए उसका मजाक उड़ाया और मास्क उतारने की धमकी दी। इस पर पेंटा ने जवाबी हमला किया और आर्मबार लगा दिया, जिससे गेबल का कंधा बुरी तरह मुड़ गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक गेबल को पहले से ही कंधे में चोट थी और इसी कारण डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूई ने उन्हें स्टोरीलाइन में भी चोटिल दिखाकर ब्रेक दिलाने का प्लान बनाया। दिलचस्प बात यह है कि एल ग्रांडे अमेरिकानो नाम के एक और रेसलर को भी ठीक उसी तरह की चोट लगी। इसी वजह से कुछ फैंस का अंदाजा है कि गेबल ही एल ग्रांडे अमेरिकानो के गियर में डबल रोल निभा रहे थे, लेकिन इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। चैड गेबल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूई के सबसे हुनरमंद टेक्निकल रेसलर्स में गिने जाते हैं। उनके चोटिल होकर लंबे समय तक बाहर रहने से रॉ ब्रांड और टैग टीम डिवीजन को बड़ा झटका लगेगा। उन्हें सर्जरी के बाद रिकवरी में कई हफ्ते या महीने लग सकते हैं।

# क्रिकेटर यश दयाल पर शादी का झांसा देकर शोषण का आरोप

**गाजियाबाद ( एजेंसी )।** क्रिकेटर यश दयाल पर धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की ओर से खेलने वाले क्रिकेटर यश पर एक लड़की ने शादी का झांसा देकर शारीरिक और मानसिक शोषण का आरोप लगाया है। इस लड़की ने यश की शिकायत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इंदिरापुरम सर्किल ऑफिसर से इस मामले में 21 जुलाई तक जांच रिपोर्ट देने को कहा है। अपनी शिकायत में इस लड़की ने कहा है कि वह पिछले 5 सालों से यश के साथ रिश्ते में थी। इस दौरान यश ने उनसे शादी का वादा किया था पर अब वह इंकार कर रहे हैं। साथ ही उसने यश पर शारीरिक और मानसिक शोषण का भी आरोप लगाया। युवती ने इस मामले की शिकायत 14 जून 2025 को महिला हेल्पलाइन नंबर पर दर्ज कराई थी पर अभी तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ से संपर्क किया। इस मामले की प्रारंभिक जांच शुरू हो चुकी है और इस लड़की का बयान दर्ज कर तथ्यों की पुष्टि की जा रही है। अगर आरोप सही पाए जाते हैं, तो यश की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। इस मामले में उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। वहीं यश दयाल और उनके परिवार की ओर से अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है पर सोशल मीडिया पर यह मामला तेजी से वायरल हो रहा है और लोग अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।



# जायसवाल की नजरें एजबेस्ट टेस्ट में सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ने पर


**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच 2 जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर खेला जाना हैं, जहां टीम इंडिया की नजरें सीरीज में वापसी पर होंगी। इस मुकाबले में खासतौर पर सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पर सबकी निगाहें होंगी, जो भारतीय टेस्ट क्रिकेट में सुनील गावस्कर का करीब 50 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ने के बेहद करीब हैं। इंग्लैंड दौरे की शुरुआत जायसवाल के लिए शानदार रही। उन्होंने पहले टेस्ट में शतक जमाकर टीम को मजबूत शुरुआत दी थी। हालांकि शुभमन गिल, केएल राहुल और ऋषभ पंत के शतक के बावजूद भारत को हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में दूसरे टेस्ट में भारत के बल्लेबाजों से एक बार फिर बड़े स्कोर की उम्मीद होगी। यशस्वी जायसवाल के अब तक के टेस्ट करियर पर नजर डालें तो उन्होंने 20 मैचों में 52.86 की औसत से 1903 रन बनाए हैं। वह 2000 रन के मील के पत्थर से सिर्फ 97 रन दूर हैं। अगर वह एजबेस्टन टेस्ट में यह 97 रन बना लेते हैं तो वह सबसे कम मैचों में 2000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय बन जाएंगे। अभी यह रिकॉर्ड दिग्गज सुनील गावस्कर के नाम है, जिन्होंने 23 टेस्ट में 2000 रन पूरे किए थे। अगर यशस्वी एजबेस्टन में इस उपलब्धि से चूकते हैं तो उनके पास अगले मैच में भी गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका रहेगा। सबसे तेज 2000 टेस्ट रन बनाने वाले अन्य भारतीयों में राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग भी शामिल हैं, जिन्होंने 25-25 टेस्ट में यह कारनामा किया था। हालांकि, पारियों के लिहाज से देखें तो राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग ने 40-40 पारियों में 2000 रन पूरे किए थे, जबकि गावस्कर को 44 पारियां लगी थीं। यशस्वी जायसवाल ने अब तक 38 पारियां खेली हैं और अगर वह दूसरे टेस्ट की पहली पारी में ही 97 रन बना लेते हैं तो वह सबसे कम पारियों में 2000 टेस्ट रन पूरे करने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बन जाएंगे। ऐसे में एजबेस्टन टेस्ट जायसवाल के लिए व्यक्तिगत और भारतीय क्रिकेट के रिकॉर्ड बुक में नया इतिहास रचने का बड़ा मौका साबित हो सकता है, साथ ही टीम इंडिया को भी उनकी बड़ी पारी से सीरीज में वापसी की मजबूत उम्मीद होगी।



# वृहद आर्थिक आंकड़े व वैश्विक रुझान तय करेंगे स्थानीय शेयर बाजार की चाल

## विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की नजर रहेगी

**मुंबई ( एजेंसी )।** इस सप्ताह औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) जैसे वृहद आर्थिक आंकड़ों, अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रमों तथा अन्य वैश्विक रुझानों से तय होगी घरेलू शेयर बाजारों की चाल। बाजार के जानकारों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की नजर रहेगी। एक ब्रोकिंग रिसर्च के अनुसार इस सप्ताह भारत और अमेरिका से कई महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े जारी किए जाएंगे, जो बाजार की धारणा और केंद्रीय बैंक के परिदृश्य को प्रभावित करेंगे। भारत में सप्ताह की शुरुआत 30 जून को मई के लिए औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों से होगी। इसके अलावा एक जुलाई को विनिर्माण पीएमआई के आंकड़े आएंगे, जिससे भारत के औद्योगिक क्षेत्र और ऑर्डर प्रवाह की स्थिति की जानकारी मिलेगी। इसके बाद तीन जुलाई को सेवा पीएमआई के आंकड़े जारी किए जाएंगे। बाजार के एक अन्य जानकार ने कहा कि जैसे-जैसे पहली तिमाही के नतीजों का सत्र नजदीक आ रहा है, निवेशक वृद्धि के रुझानों के शुरुआती संकेतकों के रूप में कंपनियों के प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसके अलावा आने वाले सप्ताह में अमेरिका द्वारा प्रमुख वैश्विक भागीदारों के साथ अंतिम रूप दिए जाने वाले व्यापार समझौतों को लेकर भी उत्सुकता बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि इसके साथ बाजार भागीदार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अर्थव्यवस्था में सुधार का आकलन करने के लिए अमेरिका के गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों के साथ-साथ भारत के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। इससे संस्थागत प्रवाह में सुधार, अमेरिका-भारत व्यापार समझौते की संभावनाओं से समर्थन मिलेगा। घरेलू स्तर पर आईआईपी और पीएमआई के आंकड़ों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। साथ ही मानसून की प्रगति और एफआईआई की गतिविधियां भी बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।




# गौतम गंभीर पर बढ़ा दबाव, टेस्ट क्रिकेट में नतीजे देने की चुनौती - आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गौतम गंभीर जब से भारतीय क्रिकेट टीम के कोच बने है तब से टीम के प्रदर्शन को लेकर लगातार चर्चा हो रही है। उनके कोच बनने के बाद टीम में कई बदलाव देखे गए हैं। हालांकि गंभीर बार-बार यह कहते रहे हैं कि टीम का चयन वे नहीं करते, लेकिन सभी जानते हैं कि चयन समिति कप्तान और कोच से बातचीत के बाद ही टीम को अंतिम रुप देने का काम करती है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी जैसे अहम टूर्नामेंट जीते हैं, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में हाल के वर्षों में टीम के प्रदर्शन में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। इसी को लेकर उनके पुराने साथी और पूर्व भारतीय ओपनर आकाश चोपड़ा ने भी खुलकर कहा है कि अब गंभीर को नतीजे देने होंगे। हाल ही में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भारत को हार झेलनी पड़ी। इंग्लैंड के खिलाफ भी सीरीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। हेडिंग्ले टेस्ट में शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम ने 371 रन का बड़ा लक्ष्य देने के बावजूद पांच विकेट से हार का सामना किया। आकाश चोपड़ा का मानना है कि अब गंभीर के पास ज्यादा समय नहीं है और उन्हें जल्द अच्छे नतीजे देने होंगे वरना उन पर दबाव और बढ़ेगा। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि शुभमन गिल को फिलहाल दोष नहीं दिया जा सकता क्योंकि उन्होंने हाल ही में कप्तानी संभाली है और उन्हें अभी वक्त मिलेगा। लेकिन कोच के तौर पर गंभीर से सवाल जरूर पूछे जाने चाहिए। उनके मुताबिक भारतीय क्रिकेट में यह सिद्धांत है कि अच्छा होगा तो तारीफ होगी और खराब होगा तो आलोचना भी होगी। मैं गिल के साथ अभी धैर्य रखूंगा, लेकिन गंभीर से सवाल जरूर होंगे। आकाश चोपड़ा ने गंभीर के टेस्ट रिकॉर्ड की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि गंभीर की कोचिंग में भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ दो और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच जीता है, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन और इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट हार भी झेली है।



# गेंदबाजी कोच के साथ डब्ल्यूडब्ल्यूई जैसे फाइट करते दिखे अर्शदीप और आकाशदीप



**बर्मिंघम ( एजेंसी )।** यहां भारतीय टीम 2 जुलाई से यहां शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट की तैयारियों में लगी है। इसी अभ्यास सत्र के दौरान कुछ खिलाड़ी गेंदबाजी कोच के साथ हंसी मजाक में लड़ाई करते दिखे। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और आकाशदीप गेंदबाजी कोच कोच मोर्ने मॉर्केल के साथ हाथापाई कर रहे थे। ऐसा लगा रहा था जैसे तीनो के बीच डब्ल्यूडब्ल्यूई का मुकाबला हो रहा है। भारतीय टीम के अभ्यास सत्र का एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। इसमें गेंदबाज अर्शदीप सिंह और आकाशदीप को कोच मॉर्केल के साथ मस्ती करते देखा जा सकता है। मॉर्केल की सभी गेंदबाजों के साथ अच्छी बनती है और वे काम के दौरान मजाक भी करते रहते हैं।

कोच और खिलाड़ियों के बीच अच्छा संबंध बना है। इसी कारण वे एक दूसरे के साथ हंसी मजाक भी करते हैं। इस वीडियो में मॉर्केल और अर्शदीप के बीच टक्कर हो रही है। इसमें कोच अर्शदीप को जमीन पर गिरा कर उनको कोहने से मारने का नाटक करते दिख रहे हैं। कोच मॉर्केल जब अर्शदीप के साथ मुकाबला करते हैं तो उनको बचाने के लिए आकाशदीप आते हैं और दोनों मिलकर कोच को जमीन पर लिटा देते हैं और फिर तीनों के बीच मजाकिया लड़ाई होती है। इस वीडियो को प्रशंसकों ने काफी पसंद किया

# सेंसेक्स की नौ कंपनियों का मार्केट कैप 2.34 लाख करोड़ बढ़ा

## शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे कीमती कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल मिलाकर 2,34,565.53 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,650.73 अंक या दो प्रतिशत चढ़ गया। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 69,556.91 करोड़ रुपये बढ़कर 20,51,590.51 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 51,860.65 करोड़ रुपये बढ़कर 11,56,329.94 करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 37,342.73 करोड़ रुपये बढ़कर 15,44,624.52 करोड़ रुपये, बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 26,037.88 करोड़ रुपये बढ़कर 5,88,213.55 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 24,649.73 करोड़ रुपये बढ़कर 10,43,037.49 करोड़ रुपये, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 13,250.87 करोड़ रुपये बढ़कर 6,05,523.65 करोड़ रुपये पर और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का 8,389.15 करोड़ रुपये बढ़कर 7,18,788.90 करोड़ रुपये, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने सप्ताह के दौरान 3,183.91 करोड़ रुपये जोड़े और इसका बाजार पूंजीकरण बढ़कर 12,45,761.80 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 293.7 करोड़ रुपये बढ़कर 5,41,850.99 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के विपरीत इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 5,494.8 करोड़ रुपये घटकर 6,68,256.29 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का स्थान रहा।



# गढ़ में भीषण सड़क हादसा, खड़े ट्रक से टकराई बाइक, तीन की मौत, आठ वर्षीय बच्ची गंभीर

### हादसे में दो की मौके पर मौत, बच्ची की पहचान बाकी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गई, जबकि एक 8 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस समय हुआ जब कटरा से गढ़ की ओर जा रही एक बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे से जा टकराई।





पुलिस के अनुसार, बाइक पर सवार सूरज गिरी (24) और रावेंद्र साकेत (46) की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ बाइक पर सवार एक 8 वर्षीय बच्ची को गंभीर हालत में रीवा के संजय गांधी अस्पताल के ढ्रष्ट में भर्ती कराया गया है। हादसे में मृत एक किशोरी की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी अवनीश पांडेय ने बताया कि हादसा कलवारी मोड़ से करीब 100 मीटर दूर हुआ। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। बाइक के नंबर के आधार पर मृतकों की पहचान की प्रक्रिया शुरू की गई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और सड़क किनारे खड़ा ट्रक किन नियमों का पालन कर रहा था। पोस्टमॉर्टम परिजनों की मौजूदगी में किया जाएगा।

**सड़क सुरक्षा पर सवाल:** यह हादसा सड़क किनारे खड़े वाहनों और सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी पर सवाल उठाता है। पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। स्थानीय प्रशासन और पुलिस से अपील है कि सड़क सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाए जाएं ताकि इस तरह की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

## पिकनिक मनाने गए 8 युवक बृहस्पति कुंड में डूबे



### 5 युवक किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना और पन्ना जिले की सीमा पर स्थित लोकप्रिय पिकनिक स्थल बृहस्पति कुंड में रविवार, को एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। पिकनिक मनाने गए 8 युवकों में से 3 बाघिन नदी के तेज बहाव में डूब गए, जबकि 5 युवक किसी तरह सुरक्षित बाहर निकल आए। लापता युवकों की तलाश में सतना और पन्ना पुलिस के साथ एसडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं, लेकिन लगातार बारिश के कारण बचाव कार्य में भारी चुनौतियां आ रही हैं।

**लापता युवकों की पहचान:** लापता युवकों में सतना के भरहुत नगर निवासी रॉबी उर्फ त्वरित चौधरी, कृष्णा शर्मा और पन्ना जिले के अभिषेक ढीमर शामिल हैं। ये सभी युवक बृहस्पति कुंड में पिकनिक मनाने और नहाने के लिए गए थे। बरौंधा थाना प्रभारी अभिनव सिंह ने बताया कि बृहस्पति कुंड का झरना बाघिन नदी में गिरता है, और बारिश के कारण नदी में तेज बहाव था, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

**रेस्क्यू ऑपरेशन में बारिश बनी रोड़ा:** हादसे की सूचना मिलते ही सतना जिले के बरौंधा और पन्ना जिले के बृजपुर थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची है, लेकिन बारिश और नदी के तेज बहाव ने बचाव कार्य को जटिल बना दिया है। पुलिस और प्रशासन लापता युवकों को खोजने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

**सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल:** यह हादसा बृहस्पति कुंड जैसे पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा इंतजामों की कमी को उजागर करता है। बारिश के मौसम में नदी और झरनों में तेज बहाव के बावजूद कोई चेतावनी बोर्ड या सुरक्षा कर्मी मौजूद नहीं थे। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि ऐसे खतरनाक स्थानों पर पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

प्रशासन से अपील है कि बृहस्पति कुंड जैसे पिकनिक स्पॉट्स पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए और बारिश के मौसम में पर्यटकों को सतर्क करने के लिए चेतावनी बोर्ड व सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

फ्रूटशॉप कर्मचारी की साजिश

## गर्लफ्रेंड के साथ मिलकर चुराया मालिक का मोबाइल, गिरफ्तार



### मालिक के मोबाइल से ट्रांसफर किए 85 हजार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के समान थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज चोरी का मामला सामने आया है, जिसमें फ्रूट दुकान के कर्मचारी ने अपनी महिला मित्र के साथ मिलकर दुकान मालिक के 85 हजार रुपये लूट लिए। दोनों ने मालिक का मोबाइल चुराकर फोन पे के जरिए धोखाधड़ी से रकम ट्रांसफर की। समान थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**18 जून को हुई चोरी, अगले दिन खुलासा:** फरियादी संजय गुप्ता, जो उत्तम फ्रूट दुकान के मालिक हैं, ने बताया कि 18 जून को उनकी दुकान से एक अज्ञात महिला ने उनका रेडमी कंपनी का मोबाइल चुरा लिया। अगले दिन उन्हें पता चला कि उनके बैंक खाते से 85 हजार रुपये ट्रांसफर हो चुके हैं। संजय ने तुरंत इसकी शिकायत समान थाना पुलिस से की।

**कर्मचारी और उसकी दोस्त ने रची साजिश:** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह और नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में समान थाना प्रभारी आंचल सिंह की टीम ने साइबर सेल की मदद से मामले की जांच शुरू की। जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि दुकान में काम करने वाले कर्मचारी हिमांशू शिवहरे ने अपनी दोस्त गरिमा तिवारी के साथ मिलकर यह साजिश रची। हिमांशू ने बताया कि उसे मालिक के फोन पे का पासवर्ड पता था, जिसका इस्तेमाल कर उसने गरिमा की मदद से मोबाइल चुराया और खाते से रुपये ट्रांसफर किए।

**मोबाइल और नकदी बरामद, आरोपी जेल भेजे गए:** पुलिस ने हिमांशू शिवहरे से चोरी का मोबाइल और 44 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। दोनों आरोपियों, हिमांशू और गरिमा तिवारी, को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना:** इस मामले में समान थाना पुलिस और साइबर सेल की त्वरित कार्रवाई की सराहना हो रही है। पुलिस ने न केवल आरोपियों को पकड़ा, बल्कि चोरी का सामान और रकम भी बरामद कर ली। यह घटना दुकान मालिकों के लिए एक चेतावनी है कि वे अपने कर्मचारियों पर भरोसा करने से पहले उनकी पृष्ठभूमि की जांच करें। इस तरह की धोखाधड़ी से बचने के लिए डिजिटल लेनदेन में सावधानी और गोपनीयता बरतने की जरूरत है।

## गोविंदगढ़ थाने से हथकड़ी समेत फरार हुए चोरी के दो आरोपी, पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिले के गोविंदगढ़ थाने से रविवार दोपहर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां चोरी के दो आरोपी, कमलेश केवट और सुगेंद्र गौतम, हथकड़ी समेत फरार हो गए। यह घटना उस समय हुई जब दोनों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाना था। आरोपियों के फरार होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**कोर्ट में पेशी से पहले थाने से भागे आरोपी:** जानकारी के मुताबिक, कमलेश केवट और सुगेंद्र गौतम को चोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। रविवार दोपहर को, थाने में पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी के बावजूद, दोनों आरोपी हथकड़ी सहित फरार होने में कामयाब रहे। स्थानीय लोगों ने इस घटना को पुलिस की लापरवाही और ढिलाई का नतीजा बताया है।

**पुलिस की चुप्पी, स्थानीय लोगों में नाराजगी:** पुलिस ने अभी तक आरोपियों द्वारा की गई चोरी की वारदात के बारे में कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है। इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है, और वे थाने में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि पर्याप्त पुलिस बल होने के बावजूद इतनी बड़ी चूक कैसे हो सकती है।



**पुलिस ने शुरू की तलाश, टीमें गठित:** गोविंदगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर ने बताया, "दोनों आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है, और जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।" हालांकि, पुलिस ने यह स्पष्ट नहीं किया कि आरोपी किस तरह फरार हुए और उनकी चोरी की वारदात का विवरण क्या है।

**सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल:** यह घटना पुलिस की सक्रियता और थाने की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। हथकड़ी में जकड़े होने के बावजूद आरोपियों का फरार होना पुलिस की सतर्कता पर सवालिया निशान लगाता है। इस मामले ने रीवा जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर चर्चा तेज कर दी है। प्रशासन और पुलिस से अपील है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही से बचा जा सके।

## खेलते समय करंट से दो सगे भाइयों की मौत, चचेरा भाई बाल-बाल बचा



### बिजली विभाग की लापरवाही पर गुस्सा

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना जिले के धारकुंडी थाना क्षेत्र के अमिरती गांव में रविवार, 29 जून 2025 को दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ। खेलते समय करंट की चपेट में आने से दो सगे भाइयों, नीलेश (8 वर्ष) और हरिलाल सतनामी (15 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। उनका चचेरा भाई मोहन सतनामी (8 वर्ष) झुलस गया, लेकिन झटके से दूर गिरने के कारण उसकी जान बच गई। इस हादसे से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, और अमिरती गांव में शोक की लहर छा गई है।

जानकारी के मुताबिक, अमिरती निवासी जयकिशोर सतनामी के बेटे नीलेश और हरिलाल अपने चचेरे भाई मोहन के साथ घर के बाहर खेल रहे थे। नीलेश ने खेलते समय कंटीली तार की बाड़ी को छू लिया, जिसमें करंट दौड़ रहा था। उसे बचाने की कोशिश में हरिलाल भी करंट की चपेट में आ गया। मोहन ने भी तार छू लिया, लेकिन वह झटके से दूर गिर गया और बच गया। बच्चों की चीख सुनकर परिजन दौड़े और उन्हें मझगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां नीलेश और हरिलाल को मृत घोषित कर दिया गया। मोहन को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।



धारकुंडी थाना पुलिस की जांच में पता चला कि ट्रांसफॉर्मर से बोरवेल के लिए डायरेक्ट तार जोड़ा गया था, जो कंटीली बाड़ी को छूते हुए खेत तक गया था। इस वजह से पूरी बाड़ी में करंट फैल गया, जिसके चलते यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की इस लापरवाही पर गुस्सा जाहिर करते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

हादसे के बाद गांव के लोग पीड़ित परिवार के साथ जुटे हैं। इस दुखद घटना ने पूरे गांव को हिलाकर रख दिया है। धारकुंडी थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की गहराई से पड़ताल कर रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे और बिजली विभाग की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

प्रशासन और बिजली विभाग से अपील है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के तारों की सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और ऐसी लापरवाही पर सख्त कार्रवाई हो ताकि भविष्य में इस तरह की त्रासदी से बचा जा सके।

## केएफसी के शिफ्ट मैनेजर की संदिग्ध मौत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के अमहिया थाना क्षेत्र में केएफसी शिफ्ट मैनेजर विवेक मीणा का शव उनके किराए के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। एक पैर तख्त पर टिका होने से मामला संदिग्ध है। मृतक भोपाल का रहने वाला था। पुलिस ने प्रथम दृष्ट्या इसे आत्महत्या माना, लेकिन जांच जारी है। विवेक शनिवार को अपनी शिफ्ट पर नहीं पहुंचे थे। उनकी रूममेट रंजना रावत ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी शिव अग्रवाल ने बताया कि शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## बोलेरो ने बाइक सवारों को कुचला, दो की मौत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के मनगवां थाना क्षेत्र में बैकुंठपुर-मनगवां मार्ग पर बुढ़वा गांव के पास हिट एंड रन की दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। तेज रफ्तार बोलेरो जीप ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया, जिससे एक की मौके पर और दूसरे की अस्पताल में मौत हो गई। घटना के बाद जीप अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन जब्त कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मनगवां बस्ती निवासी अभय सिंह तेज रफ्तार बोलेरो जीप चला रहा था। बुढ़वा गांव के पास उसने बाइक सवार दिलीप शुक्ला और पीछे बैठे संजय रावत को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में संजय दूर जा गिरा, जबकि दिलीप बाइक सहित बोलेरो में फंस गए। चालक ने दिलीप को घसीटते हुए काफी दूर तक ले गया, जिसके बाद जीप खेत में पलट गई। दिलीप की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि संजय ने संजय गांधी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने जीप में फंसे चालक को बाहर निकाला, लेकिन वह भाग निकला।



## नशीली सिरप की खेप के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा पुलिस ने मऊगंज के नईगढ़ी क्षेत्र में कार से नशीली सिरप की बड़ी खेप पकड़ी है। इस दौरान चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया। मुखबिर की सूचना पर एसपी दिलीप कुमार सोनी ने नईगढ़ी और मऊगंज पुलिस को अलर्ट किया। नईगढ़ी थाना प्रभारी जगदीश सिंह ठाकुर ने स्टाफ के साथ पहलपार मोड़ पर घेराबंदी कर कार को पकड़ा। कार की तलाशी में डिग्गी से चार बोरियों में भरी 886 शीशी नशीली सिरप बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों में प्रत्युष पटेल, आलोक सिंह परिहार, आदर्श दुबे और ऋषभ पांडे शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सिरप प्रयागराज से लोड की गई थी और मऊगंज ले जाई जा रही थी। उन्होंने प्रयागराज के सप्लायर की भी जानकारी दी, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

## ‘मन की बात’ देश की आत्मा से जुड़ाव का माध्यम : उप मुख्यमंत्री

### रीवा में प्रधानमंत्री मोदी की "मन की बात" का किया श्रवण

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि ‘मन की बात’ सिर्फ संवाद नहीं, यह देश की आत्मा से जुड़ाव का माध्यम है – प्रेरणा, दिशा और विश्वास का स्त्रोत है। प्रधानमंत्री मोदी का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायक होता है। ‘मन की बात’ की 123वीं कड़ी ने जन-मन में नई ऊर्जा का संचार किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के स्वास्थ्य क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धियों, योग और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों के साथ-साथ आपातकाल की विभीषिका को भी याद किया। आपातकाल का दौर लोकतंत्र के लिए एक काली रात था, जिसे



देशवासियों ने अपने साहस और दृढ़ संकल्प से समाप्त किया। यह हमारी लोकतांत्रिक चेतना की अमिट मिसाल है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा के बूथ क्रमांक 111 स्थित निवास में प्रधानमंत्री मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम "मन की बात" का श्रवण किया।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश की बेटी बालाघाट की सुमा उइके, जिन्होंने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से मशरूम उत्पादन, पशुपालन और ‘दीदी कैंटीन’ जैसे उद्यमों से आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की। सुमा उइके का उल्लेख प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

साथ ही यह अन्य महिलाओं को प्रेरित और प्रोत्साहित करेगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि भारत का ‘ट्रेकोमा मुक्त’ घोषित होना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह न केवल हमारे स्वास्थ्य कर्मियों की सतत मेहनत का परिणाम है। यह ‘स्वच्छ भारत अभियान’ और ‘जल जीवन मिशन’ की सामूहिक सफलता का भी परिचायक है। यह जनसहभागिता आधारित स्वास्थ्य सुधार मॉडल का उत्कृष्ट उदाहरण है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ‘फिटनेस के लिए 10 प्रतिशत तेल कम’ जैसे छोटे लेकिन प्रभावशाली सुझाव हर घर को स्वस्थ जीवनशैली की ओर ले जाने का सरल मंत्र हैं। फिटनेस और वेलबीइंग के लिए यह सतर्कता, न केवल व्यक्ति बल्कि पूरे राष्ट्र को सशक्त बनाती है। ‘योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ’ की भावना को वैश्विक मंच पर जिस गरिमा से प्रस्तुत किया गया, वह भारत की प्राचीन जीवन पद्धति की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण है। 10 वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विस्तार, लाखों लोगों की सहभागिता और विशाखापत्तनम से हिमालय तक की प्रेरक झलकियाँ, भारत की ‘जनभागीदारी से जनस्वास्थ्य’ की दिशा में अद्वितीय यात्रा को दर्शाती हैं।

## खेल पुरस्कार 2025 हेतु आवेदन आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाष जोशी एवं लाइफटाईम एचीवमेंट पुरस्कार हेतु आनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किये गये है। पुरस्कार खेल और युवा कल्याण विभाग के अनुसार विगत 5 वर्षों में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। साहसिक खेल (समुद्र, जमीन एवं वायु आधारित) हेतु भी विक्रम एकलव्य पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एम.के. धौलपुरी ने बताया कि पुरस्कार हेतु पात्रता, पुरस्कार राशि व अन्य शर्त विभागीय व े ब स ा इ ट www.dsyw.mp.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदक विभागीय बेवसाइट पर दी गई लिंक से या सीधे https://anudan.dsywmp.gov.in तथा प्ले स्टोर से खेल और युवा कल्याण के ड्डठ्ठह्वस्रड्डठ्ठ ड्डश्चश्च स्रश्च2द्यश्चड्डस्र कर के भी आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## मैहर में जमीनी विवाद में एक की मौत, 6 से ज्यादा घायल

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर के बदेरा थाना क्षेत्र के बराखुर्द गांव में शनिवार रात जमीनी विवाद में 45 वर्षीय रामलाल साकेत की मौत हो गई। दोनों पक्षों के 6 से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें सुखलाल, आशा और पवन को सतना रेफर किया गया। सुबह रिश्तेदार भाइयों सुधइया और सुखलाल के बीच शासकीय जमीन पर बाड़ी लगाने को लेकर विवाद हुआ, जो रात में खूनी संघर्ष में बदल गया। सुधइया के बेटों गया और अजय ने गाली-गलौज शुरू की, जिसके बाद दोनों पक्षों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला किया। बदेरा थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और दोनों पक्षों पर केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।